चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 313, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 13 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए जारी की डेटशीट, 15 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए डेट शीट की घोषणा कर दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 19 फरवरी से और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2023 से शुरू होंगी। दोनों परीक्षाएं 10 अप्रैल, 2024 तक समाप्त होंगी।
वेबसाइट के अनुसार परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी और 1.30 बजे तक चलेंगी। सीबीएसई के 10वीं और 12वीं की डेट शीट आधिकारिक वेबसाइट ूरी.क्ष्ू.ल और ूरी.ॅङ्ग५.ला पर उपलब्ध है। 10 वीं का संस्कृत पेपर 19 फरवरी को, 21 फरवरी को हिन्दी, 26 फरवरी को अंग्रेजी, 2 मार्च को साइंस 4 मार्च को होम सांइस, 7 मार्च को सोशल साइंस, 11 मार्च को गणित और 13 मार्च को आईटी का पेपर होगा।

## गृह मंत्री को इतिहास की जानकारी नहीं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने आज कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इतिहास की जानकारी नहीं है। जब मुद्दे से ध्यान भटकाना होता है तो वह पंडित नेहरू पर टिप्पणी शुरू कर देते हैं।
राहुल ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने हिंदुस्तान के लिए अपना जीवन दे दिया, वर्षों तक जेल में रहे।
गृह मंत्री शाह को शायद इतिहास की जानकारी नहीं है, वे सिर्फ मुद्दे से गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। असली मुद्दा सिर्फ जाति जनगणना का है। हम जाति जनगणना के मुद्दे को उठाएंगे और गरीबों को उनका हक दिलाएंगे।

## फारूक अब्दुल्ला ने कहा- अनुच्छेद 370 के लिए जवाहरलाल नेहरू नहीं थे जिम्मेदार

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू अनुच्छेद 370 के लिए जिम्मेदार नहीं थे।

# भजनलाल शर्मा राजस्थान के नये मुख्यमंत्री

## दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा होंगे उपमुख्यमंत्री



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में इस बार ब्राह्मण चेहरे पर भरोसा जताते हुए भजन लाल शर्मा को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया है। 56 साल के शर्मा भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री रहे हैं।
उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से 1993 में राजनीति में एमए की डिग्री हासिल की है। वह भरतपुर के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े होने के कारण भाजपा में उनकी गहरी पकड़ है।
केंद्रीय पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय की मौजूदगी में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। शर्मा पहली बार जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। उन्हें मौजूदा विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था। उन्होंने इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48 हजार 81 वोटों से शिकस्त देकर बड़ी जीत दर्ज की।
विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के दौरान कांग्रेस ने भरतपुर के रहने वाले भजन लाल शर्मा पर बाहरी होने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने सांगानेर की जनता से बाहरी प्रत्याशी को वोट न देकर शिकस्त देने की मांग की थी। इसके बावजूद भजन लाल शर्मा ने इस सीट से बड़ी जीत दर्ज की। वे संघ और संगठन, दोनों के करीबी माने जाते हैं। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भजन लाल शर्मा ने कहा कि वे भाजपा के सभी नेताओं के साथ मिलकर राजस्थान का सर्वांगीण विकास करेंगे। भजनलाल शर्मा को सांगानेर से विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर उतारा गया था।
राजस्थान के नए मुख्यमंत्री बने भजन लाल शर्मा की नेटवर्थ की बात करें तो ये करोड़पति हैं और इनके पास कुल 1.40 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जबकि देनदारी 35 लाख रुपये है। विधानसभा चुनाव में दिए गए संपत्ति के ब्योरे से संबंधित हलफनामे के मुताबिक राजस्थान के नए सीएम भजन लाल शर्मा की कुल नेटवर्थ में से 1 लाख 15 हजार रुपये कैश है, जबकि विभिन्न बैंकों में उनके अकाउंट में करीब 11 लाख रुपये डिपॉजिट हैं। इनके पास तीन तोला सोना है।, जिसकी कीमत 1,80,000 रुपये है। इनके पास एलआईसी और एचडीएफसी लाईफ की दो इंश्योरेंस पॉलिसियां हैं, जो कि 2,83,817 रुपये की हैं। इसके अलावा वाहनों की बात करें तो नए मुख्यमंत्री के नाम पर एक टाटा सफारी है, जिसकी कीमत हलफनामे में 5 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक टीवीएस विक्टर मोटर साइकिल है, जिसकी 35 हजार रुपये कीमत है।

## तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का टूटा सपना, जानें वसुंधरा राजे के सीएम नहीं बनने के कारण



**जयपुर:** राजस्थान को आखिरकार नया मुख्यमंत्री मिल ही गया। भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए सीएम होंगे। इसके साथ ही उन तमाम चर्चाओं और अटकलों पर विराम लग गया जो दो बार की सीएम रह चुकीं वसुंधरा राजे को तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने का दावा कर रहे थे।

**तीसरी बार सीएम नहीं बन पाने के बड़े कारण**

**1. तीनों राज्यों में नया चेहरा**

केंद्रीय नेतृत्व ने इस बार तीनों ही राज्यों में नए चहरे को मुख्यमंत्री बनाने के फॉमूर्ले को अंजाम दिया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम के ऐलान के साथ ही संकेत मिल गए थे कि राजस्थान में भी नए चहरे पर दांव खेला जाएगा। हुआ भी वही। नए चेहरे के इस नए फॉमूर्ले के कारण वसुंधरा राजे का तीसरी बार मुख्यमंत्री का सपना टूट गया।

**2. उम्र का फैक्टर**

केंद्रीय नेतृत्व ने इस बात के पहले ही संकेत दे दिए थे कि इस बार तीनों चुनावी राज्यों में 70 वर्ष से कम उम्र का ही मुख्यमंत्री बनाएंगे। मध्य प्रदेश में 58 वर्षीय मोहन यादव को और छत्तीसगढ़ में 59 वर्षीय विष्णुदेव साय को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। इसके बाद भी ये लगभग तय हो गया था कि राजस्थान को भी 70 वर्ष से कम मिलेगा। हालांकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की वर्त्तमान उम्र ठीक 70 वर्ष है लेकिन लगभग तीन माह बाद मार्च में ही वे इस पड़ाव को पार करा जाएंगी।

**3. खुद के लिए 'बाड़ाबंदी'!**

वसुंधरा का सीएम नहीं बन पाने का सबसे बड़े कारणों में से एक। दरअसल, हालिया चुनाव परिणाम आने और नए मुख्यमंत्री के चयन की कवायद के बीच वसुंधरा राजे और उनके सांसद पुत्र पर भाजपा के कुछ चुने हुए विधायकों कई बाड़ाबंदी के आरोप लगे थे। एक नवनिर्वाचित विधायक के पिता ने तो कोटा संभाग के विधायकों को जयपुर के एक रिजॉर्ट में रखे जाने की मीडिया के समक्ष खुलकर अपनी बात रखी थी। जयपुर में हुईं ये तमाम हलचलों की अपडेट्स जाहिर है दिल्ली तक पहुंचीं, जो शीर्ष नेतृत्व की नाराजगी का कारण भी बनी और उन्हें इस रेस से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

## भजनलाल के सीएम नाम की घोषणा पर क्या बोले राजस्थान के 'योगी' बालकनाथ



**जयपुर।** राजस्थान के अगले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। वह सांगानेर से विधायक हैं। शर्मा के नाम की घोषणा भाजपा पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने की है।
56 वर्षीय शर्मा ने 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48,081 मतों के अतंर से हराया था। बता दें कि शर्मा चार बार भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान महासचिव भी रह चुके है। भाजपा द्वारा भजन लाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री चुने जाने पर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई।

**राजस्थान के योगी ने दी अपनी प्रतिक्रिया**

राजस्थान के योगी और भाजपा नेता बाबा बालकनाथ ने भी अपना रिएक्शन मीडिया के सामने साझा किया। उन्होंने कहा कि 'हम बहुत सौभाग्यशाली है कि हमें पार्टी ने सेवा करने का मौका दिया। भजनलाल शर्मा बहुत अनुभव है। वे काफी समय से पार्टी के साथ जुड़े हैं। लगातार 3 बार वे प्रदेश के महामंत्री रहे हैं। हम प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय का स्वागत करते हैं जो उन्होंने कार्यकर्ता को इतना सम्मान दिया।' बाबा बालकनाथ के अलावा राजस्थान भाजपा विधायक राज्यवर्धन राठौड़, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, भाजपा नेता राजेंद्र राठौर और राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सी.पी. जोशी समेत कई प्रमुख नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की।




प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में फिल्मांकन व फिल्म निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

## प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने पर संजय राऊत पर देशद्रोह का मामला दर्ज



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के यवतमाल जिला संयोजक नितीन भुतडा ने उमरखेड़ पुलिस स्टेशन में सोमवार को देर रात यह मामला दर्ज करवाया है। नितीन भूतड़ा ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि संजय राऊत ने शिवसेना के मुखपत्र में प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने संबंधी लेख लिखा है। इस लेख से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। संजय राऊत के लेख से समाज के बीच दरार पैदा हो सकती है, इसी वजह से उन्होंने यवतमाल जिले के उमरखेड़ पुलिस में संजय राऊत के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज करवाया है। नितीन भूतड़ा ने कहा कि संजय राउत हमेशा जानबूझकर इसी तरह का लेख लिखते रहते हैं, इसलिए उन पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। मामला दर्ज कराते समय भाजपा जिला सचिव महेश कालेश्वरकर, अतुल खंडारे, पवन मेंढे, प्रतीक रुडे, प्रदीप शेरे, विक्की जोशी आदि उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग पर नियंत्रण चाहती है मोदी सरकार : सुरजेवाला




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज कहा कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण नियंत्रण करना चाहती है। इसके उद्देश्य से ही सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पद की अवधि) विधेयक, 2023 लेकर आई है। यह विधेयक अगर पास हुआ तो हमारी चुनावी व्यवस्था कमजोर हो जाएगी।
सुरजेवाल ने मंगलवार को राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पद की अवधि) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान कहा कि चुनाव आयोग निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्तता के लिए जाना जाता है। ये चारों शब्द लोकतंत्र के आधार हैं। इसका पालन करते हुए चुनाव आयोग देश में चुनाव करवाता है। इस विधेयक के माध्यम से इन चारों शब्दों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रस्तुत विधेयक के अनुसार प्रधानमंत्री और उनकी ओर से तय मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे। ऐसे में चुनाव आयोग निष्पक्ष कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि इस कानून में एक और प्रावधान किया गया है। अब मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता। इन पदों पर या तो केन्द्र सरकार का कोई सचिव या फिर सेवानिवृत्त सचिव की ही नियुक्ति की जाएगी।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी समाप्त


**रांची (झारखंड)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर आयकर (आईटी) विभाग की छापेमारी मंगलवार को समाप्त हो गई। इसके बाद आयकर के अधिकारी और सीआईएसएफ कर्मी चले गए। धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिसंबर से लेकर 11 दिसंबर तक छह दिनों तक आईटी की छापेमारी चली। इससे पहले सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओडिशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी। यहां जब्त किए गए पैसे को आयकर विभाग के बलांगीर एसबीआई शाखा में जमा कराया गया है। आईटी की टीम ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 30 आलमारियों में भरे नकदी बरामद किये थे। इस दिन नोटों की गिनती जारी थी। बताया गया है कि अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ रुपये को पार कर गया है। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले हैं। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि आयकर विभाग की ओर से नहीं की गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा के ट्विट को रिट्विट करते हुए सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, 'भारत में मनी हीस्ट कथा की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती में आने वाली हैं!' इससे पहले बीते आठ दिसंबर को भी पीएम मोदी ने भारी मात्रा में नकदी बरामद होने पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था, 'देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है'।

## भाजपा का भ्रष्टाचार पर वार, कहा- कांग्रेस का नाम कप्शन पार्टी होना चाहिए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस सांसद के कथित कैश कांड पर लगातार हमलावर है। आज (मंगलवार) संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस पार्टी (कांग्रेस) का नाम करप्शन पार्टी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन आईएनडीआईए के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनमें कुछ जेल में तो कुछ बेल पर हैं।
केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी की गारंटी लोगों की सेवा की गारंटी है । भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने की गारंटी है। कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के साथ है। किरेन रिजिजू ने धीरज साहू से राहुल गांधी की नजदीकियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस को कैश कांड पर जवाब देना चाहिए।

## हिमाचल में सुक्खू कैबिनेट का विस्तार आज शाम , राजेश धमार्नी बनेंगे मंत्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार आज बाद दोपहर होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए राज्यपाल के दिल्ली से शिमला लौटने पर लौटने पर शाम को शपथ ग्रहण समारोह होगा। राजभवन ने शपथ ग्रहण के लिए अस्थायी तौर पर शाम 4:45 बजे का समय निर्धारित किया है। मंत्री बनाने वाले संभावित विधायकों को शिमला बुला लिया गया है। बिलासपुर जिला से एकमात्र विधायक राजेश धमार्नी मंत्री पद की शपथ लेंगे। राजेश धमार्नी घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने हैं। उन्हें मुख्यमंत्री सुक्खू का करीबी माना जाता है।
सुक्खू कैबिनेट में मंत्रियों के तीन पद रिक्त चल रहे हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कितने पदों को भरा जाएगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री सुक्खू ने साफ किया था कि इसी महीने कैबिनेट विस्तार किया जाएगा। प्रदेश में पिछले कुछ माह से कैबिनेट विस्तार की चचाओं से सियासी गलियारों में सरगर्मी बढ़ी हुई थी।जानकारी अनुसार इस कैबिनेट विस्तार में एक से तीन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है वहीं कुछ मंत्रियों के विभाग बदलने की भी सुगबुगाहट है। इस विस्तार में राजेश धमार्नी का नाम फाइनल है। उन्होंने इसकी खुद पुष्टि की है। कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर से विधायक यादवेंद्र गोमा के नाम की भी चर्चा जोरों पर है।
कैबिनेट विस्तार में जातीय व क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा जाएगा। राजेश धमार्नी जहां ब्राह्मण समुदाय से हैं वहीं यादवेद्र गोमा अनुसूचित जाति से आते हैं। 15 विधानसभा सीटों वाले कांगड़ा जिला में वर्तमान में एक ही मंत्री है।
मंत्रिमंडल के अन्य दावेदारों में कांगड़ा जिला के धर्मशाला से सुधीर शर्मा और हमीरपुर जिला के सुजानपुर से राजेंद्र राणा का नाम शामिल है। सुधीर शर्मा पूर्व कांग्रेस सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। वहीं राजेंद्र राणा भाजपा के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को हरा चुके है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह का हालीलाज कैंप सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा को मंत्री बनाने की पुरजोर काशिश कर रहा है। वर्तमान सुक्खू कैबिनेट में मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री समेत 9 मंत्री शामिल हैं। जबकि कैबिनेट में अधिकतम 12 मंत्री बनाए जा सकते है। एक साल पहले 11 दिसम्बर को सुखविंदर सिंह सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री ने क्रमशः मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वहीं बीते दिन ही प्रदेश सरकार ने एक साल का कार्यकाल पूरा किया है। इस सुखु सरकार का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार होगा।



# मांडा बीडीओ का आदेश, बेअसर - दोबारा आवास की जांच करने नहीं आए अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत गिरधरपुर में दोबारा आवास देने की चर्चा सुर्खियों में हैं। वहीं उक्त ग्राम पंचायत में दस साल तक पति, पत्नी ने प्रधान पद पर आसीन होकर जनता के बीच काम किया। लेकिन वह स्वयं अपने रहने के लिए एक छतयुक्त आवास नहीं बनवा पाए। जब कि अपने कार्यकाल में निष्पक्ष एवं पात्र लोगों को सरकारी धन मुहैया कराया और शोषित, कमजोर लोगों को आवास योजना जैसी सुविधा देकर मजबूत बनाया वहीं वर्तमान प्रधान ने उन्हीं लोगों से मोटी रकम लेकर आवास, शौचालय दिया। जिसकी जानकारी पर ग्राम पंचायत के फरियादियो ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर जांच करने की मांग की। गिरधरपुर ग्राम पंचायत की प्रधान व सचिव के साँठ गांठ की चर्चा क्षेत्र में फैली हुई है। प्रधान की पति प्रेम कुमार रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। जिससे मांडा ब्लॉक के अधिकारी ,कर्मचारी प्रभावित होकर भ्रष्टाचार के सामने घुटने टेक दिया हैं। भ्रष्टाचार को प्रकाशित करने के लिए पूर्व में दिए गए फरियादी के प्रार्थना पत्र की छाया प्रति के साथ गुरुवार को एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर जांच कर आख्या रिपोर्ट मांगी की तो बीडीओ मांडा अमित मिश्र ने एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय व एडीओ आईएसबी को संयुक्त रूप से जांच कर एक सप्ताह में आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। लेकिन जांच अधिकारी जांच करने के बजाय आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मांडा ब्लॉक के हर अधिकारी कर्मचारी उक्त ग्राम पंचायत गिरधरपुर में दोबारा आवास, शौचालय के साथ अन्य विकास कार्यों में भी चरम सीमा पर फूल फल रहा है भ्रष्ट्राचार से वाकिब है। तो जांच किसकी की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रुपये लेकर अपात्रों को लाभ दिलवाने का एक मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान ने मिलकर दस अपात्रों से रुपये लेकर पीएम आवास योजना में शामिल करा दिया।

इतना ही नहीं, प्रधान व सचिव के मिली भगत से सरकारी योजनाओ को भी बंदर बांट कर ले रहे है। जिसकी शिकायत लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी नहीं पहुंचे गिरधर पुर ग्राम पंचायत में जांच करने अधिकारी उनकी उदासीनता से लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।



**गिरधरपुर में दोबारा आवास दिए जाने कि जांच करने से कन्नी काट रहे मांडा ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी**

**गिरधरपुर ग्राम पंचायत की प्रधान के पति है रोजगार सेवक**

**बीडीओ ने आवास व शौचालय की एक सप्ताह में जांच कर आख्या रिपोर्ट मांगा है**

**वास्तविक रूप से मांडा ब्लॉक के हर अधिकारी,कर्मचारी गिरधरपुर में किए गए भ्रष्टाचार से है वाकिब**

## पिकअप डाला ने बाइक सवार को मारा टक्कर मौके पर युवक मौत मचा कोहराम

**मऊआइमा।** बाइक से मऊआइमा कस्बा की ओर आ रहे बाइक सवार को पिकअप डाला ने टक्कर मार कर भाग गया। जिससे मौके पर बाइक सवार यूवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी मोनू शेख 27 वर्ष पुत्र गोरेलाल शेख मुंबई रहकर टैक्सी चालाता था ?।बताते हैं कि एक माह से घर आया था इधर उधर मजदूरी करने लगा। बताया गया है मोनू शेख मंगलवार को शाम के समय बाइक लेकर कस्बा मऊआइमा की ओर आ रहा था। बताया गया है कि ग्राम नौगिरा मोड पर पिकअप डाला ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोनू शेख की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि मृतका की माता सहीमुन निशां, पत्नी आशमा बानों पिता गोरेलाल शेख और दो पुत्र तीन पुत्रियां का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक तीन भाईयों में सबसे बडा था। बताया गया है कि पिकअप डाला भागने में सफल रहा।

# अदालत के आदेश पर पुलिसबल की मौजूदगी में की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाई

## भूमिधरी जमीन पर किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**पसना।** कोरांव थाना क्षेत्र के तराव गांव के मजरा औराई में भूमिधरी जमीन पर किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जे को न्यायालय के निर्देश पर पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। ज्ञातव्य हो कि साधना सिंह के भूमिधरी जमीन पर लालमणि आदि ने टीनशेड छप्पर व दीवार बनाकर कब्जा कर लिए थे। तकरीबन साढ़े चार विश्वा भूभाग पर पेड़ घर इत्यादि बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। जिस पर साधना सिंह ने माननीय न्यायालय अपर सिविल जज प्रयागराज के यहां वाद दाखिल किया था। जिसमें न्यायालय ने भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण व कब्जे को पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। जिसके क्रम में मंगलवार को बुलडोजर से अवैध कब्जे को ध्वस्त करा दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान उप निरीक्षक अनुज राय, उप निरीक्षक राम सजीवन मौर्य एवं महिला पुरुष कांस्टेबल तथा कोर्ट अमीन मौजूद रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा : खो-खो में विजेता-उपविजेता चारों टीम बहरिया की रही



**हनुमानगंज।** फूलपुर तहसील स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के तीसरे और अंतिम दिन खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में मंजू इंटरप्राइजेज बलकरनपुर, बहरिया विजेता तथा महाकाल स्पोर्ट्स क्लब अभ?ईपुर, बहरिया उपविजेता टीम रही। बालिका वर्ग में महाकाल क्लब अभईपुर, बहरिया विजेता तथा मीरकपुर स्पोर्ट्स क्लब बहरिया उपविजेता टीम रही। बहादुरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर, झूंसी में तहसील स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा शनिवार से आयोजित किया गया था। बालक वर्ग से कुल छह टीमें तथा बालिका वर्ग से आठ टीमों ने प्रतिभाग किया था। विजेता-उपविजेता टीम के मैनेजर मंजू, सुनील कुमार धुरिया तथा कोच प्रदीप कुमार पटेल, अनूप सिंह, वत्सल कुमार ने खेल के दौरान अपनी टीमों को प्रोत्साहित करते रहे। सांसद खेल सह प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया क्रॉस कंट्री, कबड्डी और खो-खो खेल में विजेता खिलाड़ियों एवं टीम को जिले स्तर पर खेल के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य जय प्रकाश वर्मा, भाजपा नेता उमेश तिवारी, अमर बहादुर पटेल, श्याम सिंह, आशुतोष सिंह, विमलेश पाल, रंजीत यादव, सतीश कुमार, अनुराग सिंह पूजा मौर्या आदि मौजूद रहे।

## थलेटिक्स वॉलीबॉल कबड्डी एवं कुश्ती की स्पर्धा प्रतियोगिता 14 को

**मेजा।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 14 दिसंबर को मेजा पॉलिटेक्निक के बगल खेल मैदान ( पहाड़ी पर ) होगी इस प्रतियोगिता में सब जूनियर ,जूनियर ,सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभा कर सकेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स वॉलीबॉल कबड्डी एवं कुश्ती की स्पर्धा होगी प्रत्येक खिलाड़ी को आधार कार्ड की छाया के प्रति लाना अनिवार्य होगा क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शिवम सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करती है जिससे ग्रामीण परिवेश में रहने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिले।

# आशुतोष मेमोरियल स्कूल में सीबीएसई कार्यशाला का सफल आयोजन

**हनुमानगंज।** धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई प्रायोजित सीबीपी ट्रेनिंग प्रोग्राम का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षक- शिक्षिकाओं को अध्ययन, ज्ञानवर्धन एवं शिक्षण विधियां के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के ही नहीं देश के अन्य जिलों से आये 60 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का दायित्व सीबीएसई प्रशिक्षक तरुण रुपाणी एवं अदिति गुलाटी ने निभाया और प्रशिक्षण में प्रतिभागी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षण प्रशिक्षण की बारीकियां से अवगत कराया। इस अवसर पर रेड ईगल स्कूल के निदेशक सर्वेश पांडे एवं प्रधानाचार्य श्रीमती त्रिपाठी, सुमन श्रीकांत, सेंट्रल एकेडमी के प्राचार्य आनंद पांडे, समसी घूरपुर के अनुराग पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सीबीएसई के अनुभव अधिकारी नागेश्वर शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रो. जेपीएन मिश्रा एवं निदेशक डॉ. गिरीश कुमार पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल अदिति सिंह ने किया कविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।



# शिवकुमार तिवारी तेजस्वी प्रांत सह संजोजक, विवेक मिश्रा स्वामी एबीवीपी के प्रांतीय सदस्य बने

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69 वां अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के बुराड़ी इंद्रप्रस्थ नगर में संपन्न हुआ। जिसमें काशी प्रांत के 63 वें प्रदेश अधिवेशन में प्रांत की इकाई में फेरबदल हुआ।राष्ट्रीय अधिवेशन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने उद्बोधन में स्वयं को विद्यार्थी परिषद का ऑर्गेनिक प्रोडक्ट बताया राष्ट्रीय अधिवेशन में शाह बेहद भावुक दिखाई दिये उन्होंने कहा कि वह आज राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कितना गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं यह वह नही बता सकते यह अनुभव वही व्यक्ति कर सकता है, जिसकी शुरूआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत मे बैठकर हुई।प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर सुचिता त्रिपाठी ने प्रयागराज के हंडिया तहसील के हरीपुर गाँव निवासी शिव कुमार तिवारी तेजस्वी को सेवार्थ विद्यार्थी प्रांत सह संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सोरांव तहसील के दीपक शुक्ला, हंडिया से नवीन केशरी व विवेक मिश्रा स्वामी को मनोनीत किया।जिले भर के एबीवीपी कार्यकताओं में काफी उत्साह दिखा सैकड़ों लोगों ने फोन काल एवं सोशल मीडया के माध्यम से बधाई दिया।आदर्श द्विवेदी, विवेक तिवारी, सूर्यांश यादव, आदित्य चक्रवर्ती, आशीष त्रिपाठी, शुभम कनौजिया, पवन रावत, उधभव मिश्रा, दीपक विश्वकर्मा, प्रियांशु विश्वकर्मा काका, विमलेश पटेल, अभिषेक मौर्या, आदि लोगों ने शुभकामनाएं दिया।







## खेल-कूद प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य एवं मन मस्तिष्क सुदृढ़- राजमणि यादव





**जंघई।** सीबीएसई बोर्ड के निदेर्शानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर, जंघई में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से जूनियर हाईस्कूल तक के बच्चों के लिए कबड्डी, क्रिकेट, बालीबाल, बैडमिंटन, दौड़ प्रतियोगिता, स्पून रेस, जलेबी रेस, सैंक रेस, म्यूजिकल चेयर, बैलून, लूडो, चेस, हाई जंप, टैग आफ वार सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजमणि यादव ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है।इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है और किताबी ज्ञान के साथ ही छात्रों को खेलकूद आदि अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। क्रिकेट में रेड ग्रुप, टग ऑफ रेस मे येलो ग्रुप, दौड़ मे रेड ग्रुप, कबड्डी मे रेड ग्रुप, विजेता रही।कार्यक्रम का संचालन हेड स्पोर्ट मुकेश कुमार यादव के द्वारा किया गया खेल प्रतियोगिता में समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सहयोग रहा।मुकेश यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डिजिटल पर्दे पर विकसित भारत संकल्प के बारे में दिखाते हुए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत नरई में मंगलवार को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम प्रधान सीता देवी की अध्यक्षता में गांव में प्रभात फेरी लगाते हुए यात्रा वाहन में लगे डिजिटल पर्दे पर विकसित भारत संकल्प के बारे में ग्रामीणों को दिखाया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, अमृत सरोवर सहित आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दिखाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल, ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने विकसित भारत संकल्प के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर किरण त्रिवेदी, पवन कुमार शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी ललिता यादव, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , संजय सिंह, अनिल जायसवाल, नरेंद्र कुशवाहा, पुष्कर सिंह, एडीओ पंचायत नरेंद्र दुबे सहित आदि लोग मौजूद रहे।




# आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सरकार ने चलाई है अनेकों योजनाएं : एल एस ओझा

**मेजा।** केंद्र की मोदी सरकार ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों कि मदद के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है। उक्त उदगार भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ एल एस ओझा ने मंगलवार को कुर्की कला सोरांव मसौली एवं काठौली गांव में व्यापक जनसंपर्क करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क के दौरान भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उज्जवला योजना के तहत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को फ्री में गैस सिलेंडर बांटे गए हैं जिसका सबसे बड़ा फायदा उन गरीब परिवार की महिलाओं को हुआ है जो धुएं में खाना बनाने के लिए मजबूर थीं। डा ओझा ने आगे कहा कि मोदी सरकार ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों और वंचितों के लिए अनेकों योजनाएं लागू किया है। सरकार की जन धन योजना पी एम आवास योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मान निधि तथा उज्जवला योजना सहित कई अन्य इसी योजनाएं संचालित हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए बरदान साबित हो रही हैं। इस मौके पर भाजपा नेता के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता एवं गांव के सैकड़ों ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने समुद्र मंथन कथा का किया श्रवण

**करछना।** क्षेत्र के अमिलो गांव में संगीतमय द्वादश दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण करने के लिए भक्त लोगों की भीड़ रही। लोग कथा सुन भाव विभोर हो रहे हैं। कथावाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने मंगलवार की कथा में अजामिल उपाख्यान, नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भागवत माहात्म की महिमा का बखान करते हुए लोगों से कथा श्रवण पर विशेष बल दिया। और बताया कि कथा के रसपान से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं। कथा के मुख्य श्रोता यजमान करछना के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम शंकर मिश्र व श्याम कली मिश्र की ओर से कुल गुरु माधवपति त्रिपाठी व कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक कृष्ण कुमार मिश्र व दिनेश मिश्र संयोजक रमेश मिश्र व सूर्य प्रकाश मिश्र और व्यवस्थापक चन्द्र प्रकाश मिश्र की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया । इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल गुरुजी, प्रधानाचार्य केपी तिवारी ,त्रिवेणी प्रसाद पांडेय , सुधाकर मिश्र ,दिवाकर मिश्र, ऋषिकेश, अंशुमनराज ,अभिनव, प्रभाकर, सोनू ,दीपक ,आनंद ,आशुतोष, आलोक आदि भक्त लोग मौजूद रहे।





## न्यू आरएसजे स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने नृत्य से बांधा समां

**झूंसी।** न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल छतनाग परिसर में स्कूल के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव सृजन का शुभारंभ मंगलवार को संस्था की प्रधानाचार्य सुमन जायसवाल ने दीप प्रज्वलन से किया। छतनाग स्थित स्कूल के बच्चो ने स्वागत गीत के साथ एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसमें नर्सरी के बच्चों ने जोकर की ड्रेस में पीटी कर खूब तालियां बटोरी। सूर्य नमस्कार एवं योगासन के द्वारा बच्चों ने योग के महत्व को समझाया। छात्र एवं छात्राओं ने रिंग, रिबन पीटी, फ्लावर पीटी के द्वारा अभिभावकों का मन मोह लिया। डांडिया नृत्य, फ्यूजन नृत्य, लोक नृत्य आदि कार्यक्रमों की भी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान 2022-23 सत्र के मेधावियों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह एवं रागिनी सिंह द्वारा किया गया। आखिर में प्रधानाचार्य ने अनुशासन ही जीवन की सफलता का मूल मंत्र है संदेश दिया फिर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कुंभ मेला, अधिकारी विजय किरन आनंद ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की मंगलवार को मेला अधिकारी , कुंभ मेला, विजय किरन आनंद ने सभी संबंधित अधिकारियों के समेत निरीक्षण किया। सर्वप्रथम नगर निगम की नैनी स्थित 10 टन/ डे क्षमता वाली मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, जहां पर रीसाइक्लिंग सामग्री को अलग कर तैयार किया जाता है, उसका निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को उसकी कैपेसिटी को दो माह के भीतर बढ़कर 50 टन/ डे तक लाने का प्रयास करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात नैनी स्थित निमार्णाधीन बायो सीएनजी प्लांट का भी निरीक्षण किया और वहां पर संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य स समय पूर्ण करने के निर्देश देते हुए अपना पर्ट चार्ट अति शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। इसी क्रम में मेला अधिकारी ने ओल्ड यमुना ब्रिज से लेप्रोसी क्रासिंग तक प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही रोड का भी निरीक्षण किया तथा वहां कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए ड्रेनेज तथा चौड़ीकरण का कार्य ड्राइंग के अनुसार ही करने को कहा। उन्होंने मेडिकल चौराहे पर बने पिंक टॉयलेट का भी निरीक्षण किया तथा पिंक टॉयलेट्स को कैसे और बेहतर बनाया जा सकता है इसकी गैप एनालिसिस कर एक आख्या उनके समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## तीन बच्चों की माता बच्चों को छोड़ घर का सारा जेवर बटोर कर भागी ससुर के साथ

**मऊआइमा।** रंगीला ससुर अपनी बहू को अपने प्रेम जाल में फंसा कर घर का जेवर नगदी लेकर फरार हो गया। मामला सुल्तानपुर का है।पति जब अपने ससुराल मऊआइमा आया तो सच्चाई सामने आयी।इस घटना का क्षेत्र मव चर्चा का बना हुआ है। मऊआइमा के एक गांव की एक युवती की शादी आठ वर्ष पूर्व सुल्तानपुर के हलियापुर थाना क्षेत्र में ब्याही थी।बताते हैं कि दो दिन पूर्व युवक की पत्नी तीनों बच्चों को छोड कर फरार हो गई। बताया गया है कि पति अपने पिता और पत्नी की तलाश में सुल्तानपुर से मऊआइमा आया जहां ससुराल में पति का जमकर झगड़ा हुआ।समझाने बुझाने के बाद विवाहिता का पिता अपने दामाद को लेकर दिल्ली तलाश में निकलें हैं। बताया गया है कि इसकी सूचना सुल्तानपुर के सम्बंधित थाने को भुक्तभोगी पति ने दिया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है।



# नगर निगम संपूर्ण समाधान दिवस पर मिली 54 शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया, साथ ही शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय।ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रत्न प्रिया, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक सिंह, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, सुर्दशन चन्द्रा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी विजय अमृत राज, सहायक अभियन्ता राधे कृष्ण लाल, अधिषाशी अभियन्ता नजमी मुजफ्फर आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।


# महिला सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त, 50 महिला सब इंस्पेक्टर और 400 सिपाही होंगे तैनात

**प्रयागराज।** माघ मेले को लेकर संगम की रेती पर काम जोरो से चालू हो गया है। पुलिस थाने और चौकियों का सीमांकन करके बल्लियों को खड़ा किया जा रहा है। वहीं इस साल महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। महिला स्नानार्थियों के सुरक्षा घेरा के लिए एक महिला थाना, 50 महिला सब इंस्पेक्टर और 400 महिला सिपाहियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों पर सादे कपड़ों में महिला सिपाही मनचलों पर नजर रखेंगी।माघ मेला एसपी डॉ राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि माघ मेले में तैनात की जाने वाली सभी महिला सिपाहियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। उसके बाद उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। माघ मेले में आने वाली स्नानार्थी महिलाओं के सुविधा के लिए हर थानों में एक महिला हेल्प डेस्क बनाया जाएगा, जिससे महिलाएं सीधे हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी शिकायतें महिला हेल्पर के साथ साझा कर सकेंगी।डॉ. राजीव ने बताया कि महिला पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है जो सादे कपड़ों में घाटों पर कड़ी नजर रखेंगी। महिला तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति को तुरंत पकड़ लिया जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं संगम नोज के हर चेंजिंग रूम में भी सादे कपड़े में एक महिला सिपाही को तैनात किया जाएगा। इसके साथ स्नान घाटों पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध रहेगा।

# हाईकोर्ट ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित कार ने कई कारों में मारी टक्कर , कारें हुई क्षतिग्रस्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के हाईकोर्ट ओवर ब्रिज पर रात साढ़े नौ बजे एक अनियंत्रित कार ने कई कारों में टक्कर मार दी। टक्कर से कई कारों क्षतिग्रस्त हो गईं और कई लोग चोटिल हो गए। क्रेटा कार में 4 युवक सवार थे और उनके साथ एक और वैगनआर कार चल रही थी।दुर्घटना में घायल औरा कार के चालक शिवसागर पुत्र रामबाबू निवासी पुरामुफ्ती ने बताया कि दोनों कारों में रेसिंग हो रही थी और औरा कार में पीछे से टक्कर मारी। टक्कर मारने के बाद क्रेटा कार हाईकोर्ट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मौके पर पुलिस पहुंच गई है और आरोपी कार चालकों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



## एक्सीडेंट के बाद चारो आरोपी कार सवाल भाग निकले

औरा कार से हसबैंड और वाइफ अपने बच्चे के साथ धूमनगंज से शहर की ओर आ रहे थे। पीछे से एक तेज रफ्तार से आ रही क्रेट ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार अनियंत्रित हो गई। इसके बाद क्रेटा अनियंत्रित होकर एक और कार में टक्कर मार दी। टक्कर से दूसरी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद क्रेटा हाईकोर्ट की बाउंड्रीवॉल से टकराकर पलट गई। एक्सीडेंट के बाद इससे पहले परिवार कुछ समझ पाता चारों कार में से किसी तरह से निकलकर मौके से भाग निकले। वैगनआर का भी चालक वहां से भाग निकले। पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है और डिटेल निकालने की कोशिश कर रही है।

## केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं जनहित कारी : राजमणि कोल

### विकासखंड कोराव के अमिलिया पाल एवं लखनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित

**कोरांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं जनहित में हैं और इसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब किसान मजदूर बेरोजगारों के लिए कृत संकल्प है और ऐसी सरकार देस हित में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं का प्रचार प्रसार कर रही है जिससे लोग लाभान्वित हैं उन्होंने सरकार की जमकर सराहना की विधायक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम प्रधान अमिलिया पाल सोना बेगम सिद्दीकी की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसी प्रकार विधायक ने ग्राम पंचायत लखनपुर में आयोजित उक्त कार्यक्रम की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि लोग सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं हम सहयोग के लिए समर्पित हैं तथा प्रधान राजेश कुमार की सराहना की। कार्यक्रम में एडियो पंचायत विवेक मिश्रा, एडियो आईएसबी रामेश्वर सिंह, एडियो एएसटी राजेंद्र यादव,ग्राम विकास अधिकारी आनंद मोहन, सत्येंद्र कुमार पांडे, ग्राम प्रधान सोना बेगम, विधायक जन संपर्क अ धिकारी रामाश्रय शुक्ला बबुवान द्विवेदी संतोष शुक्ला रेवती पाल राजेश पांडे अनिल कुमार मिश्रा रिंकू दुबे अवध राज सिंह, चांद बाबा, मोहम्मद लल्लन पूर्व प्रधान सहित भाजपा कार्यकर्ता और सैकड़ो ग्रामीण जन कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डण्डपानपुर वि0 खं0 मांडा प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत डण्डपानपुर विकासखंड मांडा प्रयागराज में 15वां पंचम राज्य वित्त आयोग,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत नाली निर्माण एम0डी0एम0 सेड सी0सी रोड, डब्लूवीएम , खड़ंजा, इंटरलॉकिंग निर्माण सोलर लाइट, मरम्मत कार्य, सफाई कर्मी किट,सोखता गड्ढा, हैंड पंप मरम्मत, रिवोर, स्ट्रीट लाइट, शौचालय निर्माण, विद्यालय कायाकल्प, आंगनवाड़ी कायाकल्प, पंचायत भवन व आंगनबाड़ी की चारदिवारी कार्य, पुलिया व नाली मरम्मत कार्य आदि निर्माण कार्यों की सप्लाई हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 10.10.2023 से 18.10.2023 तक सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 19.10.2023 को समय 11:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी । निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा । स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक– पृथक होगा । निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023 में कराए जाने वाले सभी कार्यों हेतु प्रभावी होगा ।

बरमदीन
(ग्राम प्रधान)
ग्रा0 पं0 डण्डपानपुर
विकासखंड मांडा प्रयागराज

बृजेश द्विवेदी
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्रा0पं0 डण्डपानपुर
विकासखंड मांडा प्रयागराज


# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि




**नैनी।** नैनी करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या को लेकर अवंतिका कालोनी नैनी स्थित रामलीला पार्क में क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार के तत्वावधान मे आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा को श्रदांजली अर्पित की गई। शोकसभा में उपस्थित लोगों द्वारा राजस्थान मे उनके आवास पर हुई गोगामेड़ी की हत्या पर गहरा दुःख व आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन से जल्द से जल्द आरोपियों को फांसी देने की मांग की गई। पुष्पाजली अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा गोगामेड़ी सर्वसमाज के हितो के लिए लड़ते रहे उनका असमय जाना समाज की अपूर्णीय क्षति है। अंत में मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। पुष्पाजंलि अर्पित करने वालो में सीपी सिंह, महेंद्र सिंह, डी०के सिंह, रविकरण सिंह तोमर, गजेन्द्र प्रताप सिंह, रामेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, कमलेश सिंह, शिशिर सिंह, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, आर०बी० सिंह, दीपक सिंह, कुशलराज सिह, पंकज सिंह, वीपी सिंह, अखिलेश सिंह, संजय सिंह गौर, हंसराज सिंह, राजेन्द्र शुक्ल, दिनेश सिंह, कृष्णराज सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अभिषेक सिंह राहुल, रवि सिंह आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों ने किया प्रतिभाग

**सोरांव।** विकास खंड के सराय बृसिंह उर्फ बाहर सराय और उसरही ग्राम पंचायत में मंगलवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों संग कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार यह यात्रा विकास खंड के विभिन्न गांवों में जनवरी तक आयोजित की जायेगी। यात्रा के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार पटेल व विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा रहे। तथा वहीं ग्राम प्रधान मनोरमा देवी और सीता देवी कुशवाहा ने बताया कि गांवों के कायाकल्प के लिए और उन्हें आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया गया है। ग्रामीणों को चाहिए कि वे योजनाओं की सम्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ उठावें। तथा शासन की मंशा है कि आमजन को इन योजनाओं का लाभ पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ दिया जाय। इस दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत मुकेश मौर्य, ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य व अवधेश कुशवाहा, पंचायत सहायक उर्मिला कुशवाहा, राजेश कुमार एडवोकेट,पिंटू विश्वकर्मा, विकास ठिकेदार,शमशेर पटेल संग गांव की दर्जनों महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। इतना ही नहीं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों के गृहस्थी, उनके सामाजिक जीवन, व्यक्तिगत जीवन, कृषि, बच्चों की पढ़ाई लिखाई और स्वास्थ्य आदि विषयों को लेकर शासन द्वारा कई योजनाएं चलायी गयी हैं। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों की जीवनशैली को अच्छा बनाना है। इस दौरान मौजूद विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को उपयोगी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,हर घर जल योजना, पेंशन योजना, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। वहीं ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य ने ग्राम पंचायत में दर्जनों गर्भधात्री महिलाओं को फल देकर सम्मानित किए।

## केवल बाह्य जांच किसी के शराब के नशे में होने का पर्याप्त सबूत नहीं'

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की केवल बाह्य जांच यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है कि उसने शराब पी रखी थी। इस टिप्पणी के साथ ही न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की दो सदस्यीय पीठ ने कांस्टेबल को सेवा में बहाल करने का आदेश सुनाया है।अदालत पुलिस कांस्टेबल जयमंगल राम की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसे ड्यूटी के दौरान नशे में होने और अनुचित व्यवहार के लिए बर्खास्त किया गया था। साथ ही अदालत ने कहा कि व्यक्ति में नशे की पुष्टि के लिए खून और मूत्र जांच पर बल दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरौल, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24

टेण्डर/कोटेशन

दिनांक : 11.12.2023

ग्राम पंचायत **खजुरौल** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **खजुरौल** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 12–12–2023 से दिनांक 26–12–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 27–12–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 27–12–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | अभय राज के घर से अभिषेक के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 118 मीटर | 3.99 लाख | 2 माह |
| 2. | साधु के खेत से राजेश के खेत तक पक्की नाली कार्य 240 मीटर | 3.99 लाख | 2 माह |
| 3. | रामवृक्ष के घर से हंसराज के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 115 मीटर | 3.99 लाख | 2 माह |

संदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अक्षत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# भरत जैसा पवित्र भाई संसार में नहीं मिल सकता

## अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आठवां दिन





**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर शांतनु जी महाराज ने भरत चरित्र की कथा सुनाते हुए। भगवान ने स्वयं कहा कि लखन भरत जैसा पवित्र भाई संसार मे नही मिल सकता। भरत की साधना को बताते हुए पूज्यश्री ने कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर बड़े बड़े साधु संत भी उनके पास जाने में घबराते थे। स्वयं वशिष्ठ जी भी जाने से कतराते थे। पिता की मृत्यु अवाम भगवान के वन गमन का समाचार मिलने पर भरत विह्वल हो विलाप करने लगे। माता कैकेई को बहुत बुरा भला कहा। सारी सभा को फटकार लगाई। कौशल्या माता के समझाने पर वह शांत हुए और सबको आश्वासन दिया कि हम सबको भगवान से मिलाने ले चलेंगे। पूरी प्रजा भरत के साथ भगवान से मिलने चित्रकूट चली। भगवान से मिलन हुआ। भगवान के आदेश से उनकी पादुका सिरोधार्य कर भरत अयोध्या वापस आये और उसी पादुका को सिंहासन पर रखकर अयोध्या के राजकाज को संभाला। इस कारुणिक प्रसंग को सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। मंगलवार को यजमान के रूप में राजीव प्रताप सिंह (खण्ड शिक्षाधिकारी) पत्नी श्रीमती सुमन सिंह, संदीप सिंह गहरवार (अध्यापन) पत्नी सोनू सिंह, संदीप मिश्र पत्नी रूपम मिश्रा एवं सुरेश दत्त पाण्डेय (पूर्व मैनेजर रिलायंस) पत्नी सच्ची पाण्डेय, अजीत सिंह पत्नी मोनिका सिंह, अनुराग मिश्र (सुमन विद्या निकेतन) पत्नी साधना मिश्रा इन्टरकालेज (प्रधानाचार्या), रामकृष्ण तिवारी पत्नी दुर्गा देवी रहे। इस अवसर पर फलाहारी आश्रम के महंत रामरतन दास महाराज, सह प्रांत कार्यवाह प्रो. राज बिहारी श्रीवास्तव, सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, महावीर, सुनील जायसवाल, टुनटुन पांडे। गुड्डू मिश्रा, संकठा द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस मध्य प्रदेश, शिक्षक नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, धर्मेंद्र नारायण मिश्र, आशीष मिश्रा, शंभू जी महाराज, पूर्व प्रमुख बहादुरपुर रिंकू सिंह, जिला प्रचारक यमुनापार आलोक जी, मंजू राव, प्रतिभा राय, सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# डीएम ने राजस्व वसूली पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, राजस्व कार्यों, आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, आबकारी, परिवहन विभाग, मण्डी, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, खनन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जीएसटी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये। राजस्व प्रशासन की समीक्षा की गयी जिसमें मुकदमा, स्वामित्व योजना, आडिट आपत्तियां, वादों का निस्तारण, अंश निर्धारण की कार्यवाही, भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही आदि की प्रगति लगातार धीमी पाये जाने जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट में लम्बित प्रकरणों के कार्य कार्यों में सुधार लायें, इसमें लापरवाही कदापि न बरती जाये। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फाइलों को सुव्यविस्थत एवं सुसज्जित ढंग से रखें, पटल सहायकों के कार्यो की निगरानी समय-समय पर करते रहे, को देखें और जल्द से जल्द उसका निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि समय समय पर अमीनों के साथ बैठक करें और उन्हें राजस्व वसूली के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये जाये। उन्होने निर्देशित किया कि भू-माफिया द्वारा यदि किसी भी राजस्व कर्मचारी को डराते या धमकाते है तो ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। उन्होने उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत लेखपालों के माध्यम से जमीन से सम्बन्धित प्रकरणों की निगरानी रखी जाये और इससे सम्बन्धित जो भी रिपोर्ट हो उसको समय सीमा के अन्तर्गत प्रेषित करें और समय-समय पर गांवों का निरीक्षण भी करें। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों को कोई भी गोवंश न घूमे, यदि कोई गोवंश घूमता हुआ पाया जाये तो उसे गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाये। जिलाधिकारी ने अस्थायी गो-शालाओं की भी समीक्षा की।



राजस्व कार्यो की अधिकारियो के साथ समीक्षा करते जिलाधिकारी

लाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की तहसीलवार समीक्षा की तो तहसीलों की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये, शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है, राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्व का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त ईओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर रूरल बार ने भरी हुंकार, किया विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संसद के शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक लाये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को कचहरी में रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा तथा जूनियर बार के महामंत्री जेपी मिश्र की अगुवाई में बड़ी संख्या में जुटे वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर हुंकार भरी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है ऐसे में सरकार को सदन में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक फौरन पेश करना चाहिए। अधिवक्ताओं ने मांग के समर्थन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजवाया। प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि अधिवक्ताओं को प्रदर्शन एक्ट नहीं सिक्योरिटी बिल चाहिए। धरना प्रदर्शन का संयोजन करते हुए जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा कि यदि एसोशिएसन की मांग नही मानी गयी तो जिले में सभी तहसीलों के साथ मुख्यालय पर अब अनवरत धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर विकास मिश्र, जितेन्द्र सिंह भोले, दिवाकर सिंह, आशीष श्रीवास्तव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बीके श्रीवास्तव, विकास सिंह, प्रशांत दुबे, विनय सिंह, दीपक दुबे, राममूर्ति प्रजापति, अमजद खॉन, अनिल सिंह, सचीन्द्र सिंह, शिवम समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने केन्द्र सरकार पर अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर लॉलीपाप देने का आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में जमकर नारेबाजी भी की।

## वृद्धाश्रम महुली में वृद्धजनों के लिए स्वेटर गर्म कपडे का हुआ वितरण



वृद्धाश्रम में ऊनी कपड़े बाटती महिला टीम।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर कीर्ति ग्रुप की महिला टीम ने वृद्धाश्रम पहुंचकर सभी बुजुर्गजनों को गर्म कपड़े स्वेटर आदि वितरण किया।

समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कीर्ति ग्रुप की महिला टीम द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। यहां रह रहे वृद्ध माता-पिता देव तुल्य हैं। उनकी सेवा से ही जीवन सफल बनाया जा सकता है। मैं सभी महिला टीम के सभी पदाधिकारीयो की भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूं।

टीम की अगुवाई कर रही मंजुलिका श्रीवास्तव जी ने कहा कि हम सब महिलाएं आज अपने को वृद्धजनों की को स्वेटर देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। हम सब आगे भी इस तरह की सेवा करने के लिए तात्पर्य रहेगी।

आभार ज्ञापन वृद्धाश्रम परिवार के मानसिंह जी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंजुलिका श्रीवास्तव, दिलप्रीत कौर, सुप्रिया दुबे, नीतू केसरवानी, प्रिया केसरवानी, सोनिया कौर, कोमल गुप्ता, ज्योति, श्वेता कौर, नीलू, गुंजा, संजू, सुमन सिंह, पुनीत, सिमरन, सतनाम कौर, मानसिंह, धर्मेंद्र, अमित, पंकज आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 17 व 31 जनवरी निर्धारित

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन एवं निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा जनपद प्रतापगढ़ हेतु 1694 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष योजनान्तर्गत अभी तक 886 आवेदकों द्वारा आनलाईन आवेदन किया जा चुका हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सामूहिक विवाह का आयोजन किये जाने हेतु दिनांक 17 जनवरी 2024 एवं 31 जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन कराना सुनिश्चित करें जिससे सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न कराया जा सके। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन वेबसाइट https://cmsvy. upsdc. gov.in पर कर सकते है।

अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in पर कर सकते है।

### पेंशनर दिवस का आयोजन 17 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति पेंशनर्स दिवस दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से ग्राम्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान अफीम कोठी में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। इस पेंशनर दिवस में कार्यालयाध्यक्ष अथवा कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी/वरिष्ठ सहायक को कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें।

## चित्रकूट समाचारस्कूली वाहन की टक्कर से छात्राएं घायल, एक रेफर

### मानक विहीन वाहनों से हो रही दुर्घटनाएं, प्रशासन बेखबर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ई रिक्शा से स्कूल जा रही छात्राओ को एक स्कूल वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिसमे सवार दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने एक छात्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहीं आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन बेखर दिखाई दे रहा है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में आए दिन हो रही स्कूली वाहनों के साथ सड़क दुर्घटना के बाद भी प्रशासन की आंखे नही खुल रही है।प्रशासन मानक विहीन फरार्टा भर रहे स्कूल के वाहनों पर कोई भी कार्रवाई नही करना चाहता है,यही वजह है की स्कूल प्रशासन अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है। लापरवाही का ही नतीजा रहा की मंगलवार को सुबह नया पुरवा गांव की कक्षा एक की छात्रा प्रियल पुत्री अमित यादव व इसी गांव की कक्षा आठ की छात्रा दीक्षा पुत्री विजय कुमार यादव ई रिक्शा से वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जा रही थी। वर्मा नगर स्थित बड़ी नहर के पास बेलहा स्थित एक स्कूल के वाहन ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों छात्राएं ई रिक्शा से गिरकर घायल हो गयी। दोनों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक छात्रा की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



दुर्घटना मे घायल बच्ची का हो रहा पीएचसी में इलाज।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर नौ के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में गालीगलौज व मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे जोधा गांव निवासी रमाकांत यादव पुत्र रामअधार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस दिसंबर को वह अपने पूर्वजों की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था।

इसी बीच दोपहर करीब दो बजे गांव के गौरीशंकर यादव के पुत्र सत्य प्रकाश उर्फ तूफान व पुत्रियां सुमन, सुधा तथा पत्नी कुसुम चार अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचे और गाली देने लगे। पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने ईट पत्थर चलाते हुए घर में घुसकर पीडित को जमकर मारापीटा तथा घर में रखे गृहस्थी के सामान कुर्सी, टिन शेड आदि में तोडफोड़ करके उसे नष्ट कर दिया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भतीजे ने चाचा को पीट कर किया जख्मी

**पट्टी।** खेत में पाइप फैलाने के विवाद को लेकर भतीजे ने अपने चाचा को पीट दिया, पीड़ित चाचा ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है ।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जैतापुर का लालता प्रसाद ने शिकायत पत्र देकर बताया कि उसका भतीजा पाइप फैलाने के विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह 11:00 बजे उससे झगड़ा करने लगा पीड़ित ने विरोध किया तो उसे पीट कर जख्मी कर दिया पीड़ित चाचा ने संबंध में अपने भतीजे के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय भाषा के प्रति किया जागरूक

### संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में मंगलवार को भारतीय भाषा उत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को हिंदी, पंजाबी, संस्कृत, उर्दू, गुजराती आदि भाषाओं में अभिवादन और अपना परिचय देना सिखाया। शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।

उत्तर प्रदेश,गुजराती, बंगाली, पंजाबी,मराठी समेत विभिन्न राज्यों के परिधान में सजे आयुष सिंह, दीक्षा ओझा, आर्या केसरवानी, शाइली सिंह, तृषा गुप्ता, रोहिणी नागश्री, निशि पांडेय, नंदिनी, मैथिली गुप्ता, श्रेया चैधरी, इशिका सिंह, कृतिका ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर विभिन्न भाषाओं के प्रति जागरूक किया। भारतीय भाषा उत्सव पर वंशिका,आश्वी, ध्रुव सिंह, जस्लीन,रिद्धिमा ने अपना उद्बोधन दिया। मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा गीत को शिक्षक संगीत दुबे ने कंपोज किया। संयोजन गुंजन सिन्हा,दया पुष्पजीवी,लक्ष्मी ने किया। निदेशक संजय सिंह ने कहा कि उत्तर-दक्षिण के सेतु के नाम से प्रसिद्ध महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जयंती पर भारतीय भाषा दिवस मनाया जा रहा है। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी के साथ भारतीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। उप प्रधानाचार्य संध्या शुक्ला ने कहा कि भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी।अतुल श्रीवास्तव, दीनानाथ शर्मा,राजेश मिश्र, अर्जुन तिवारी,रोली,सृष्टि की सहभागिता रही।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## भगवान शिव के मन्दिर के नाम दर्ज जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भगवान शिव के मंदिर के नाम दर्ज जमीन पर दबंगों द्वारा किये गये अवैध कब्जे पर की गयी तमाम शिकायतों के बावजूद अफसरों द्वारा कार्रवाई न करने से मंगलवार को ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने कार्रवाई न होने पर स्वतः अवैध कब्जा हटा देने की चेतावनी भी दी है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत पूरनपुर खजूर में भगवान शिव के मंदिर के नाम दर्ज जमीन पर कुछ लोगों ने विगत तीन वर्षो से अवैध कब्जा जमा रखा है। अवैध कब्जा हटवाने को लेकर ग्रामीण अफसरों से बराबर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन अफसर मौन साधे हैं। मामले में मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और बड़ी संख्या में ग्रामीण लालगंज तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। गांव की प्रधान पिंकी, पूर्व प्रधान वंशराज सिंह, मुस्ताक, राजकुमार मौर्य, अशोक द्विवेदी, उदय नारायण तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, रविशंकर सरोज समेत तमाम ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी लालधर यादव को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि यदि शिव जी के मन्दिर की भूमि अतिक्रमणीयों से खाली नही करायी जाती तो ग्रामीण आगामी तेरह दिसंबर को खुद अवैध कब्जा हटाने के लिए बाध्य होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर लोगों को शान्त कराया।

## भूमि पैमाइश में लगाये गये पिलर को क्षतिग्रस्त करने व जानलेवा धमकी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजस्व टीम द्वारा सीमांकन के बाद लगाये गये पिलर को क्षतिग्रस्त करते हुए पीड़ित को जानलेवा धमकी देने की घटना को लेकर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र स्व. ददन सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर महादेव यादव व उनके पुत्र वीरेन्द्र यादव तथा वीरेन्द्र यादव के पुत्र रामचंद्र, विपिन कुमार, अमरचंद्र व महादेव की पुत्री शकुंतला तथा पत्नी अनीता एकराय होकर पूरे हरिकिशुन के समीप स्थित उनके खेत पर पहुंचे और गालीगलौज करते हुए सीमांकन के बाद राजस्व टीम द्वारा गाड़े गये पिलर को तोड़कर फेंक दिया। आरोपियों ने पीड़ित पर हमलावर होते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने महादेव समेत सात लोगों के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट, बलवा, धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### डम्फर की चपेट में युवक के घायल होने पर चालक पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत सड़वा दुबान गांव निवासी प्रशान्त सिंह पुत्र राकेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि तीन दिसंबर की रात करीब आठ बजे उनके छोटे भाई शिवम वनवीर कांच स्थित कालेज से घर आ रहे थे। लीलापुर पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात डम्फर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एडिशन एसपी रोहित को सम्मानपूर्वक दी विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के साथ जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, जिला मंत्री राहुल केसरवानी, जिला संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह व सुधीर केसरवानी, मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो), हरीश सोनी, नगर युवा महामंत्री प्रदीप यादव एवं अन्य व्यापारीगण, जनपद में रहे सरल और कर्मठ अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्र का बुलंदशहर स्थानांतरण होने पर, उनसे मिलने प्रतापगढ़ कार्यालय पहुंचे।

अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा से मुलाकात कर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों ने उन्हें विदाई स्वरूप माला पहनकर, साल उढ़ाकर, सम्मान व प्रशस्ति-पत्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



एडिशनल एसपी रोहित मिश्रा को सम्मान पत्र देते उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के अध्यक्ष व अन्य।

संयोगवश कार्यालय में जूनियर बार एसोसिएशन वकील संघ के पूर्व अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र व पूर्व महामंत्री संतोष मिश्रा एवं अन्य वकील बंधुओं के अतिरिक्त कुछ पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे, वहां व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने सभी के समक्ष अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में किए गए सर्वोच्च, उत्कृष्ट और प्रशंसनीय अनेक कार्यों के संदर्भ में व्याख्यान करते हुए कहा कि हम लोगों ने किसी भी व्यापारी के रक्षा सुरक्षा से संबन्धित समस्या को आपसे देर रात भी कहा है तो आपने उसे गंभीरता से विचार कर निस्तारित किया है, जिस पर उपस्थित वकील एवं पत्रकार बंधुओ ने भी उनके द्वारा किए गए अतुलनीय कार्यों के संदर्भ में प्रशंसा की। अंततः अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र ने भी कहा की आप सभी के सराहनीय सहयोग, उत्तम व्यवहार और प्रशंसनीय प्रेम की देन है, जो कि मैं सहजता से प्रतापगढ़ में कार्य कर सका हूं।

### लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक तीव्र गति से बाइक चलाते हुए महिला को घायल कर देने की घटना में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई गांव निवासी अरूण कुमार जायसवाल पुत्र राधेश्याम जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो दिसंबर की रात सवा आठ बजे गांव समीप से गुजरी सड़क को पार करने के दौरान अज्ञात बाइक चालक ने उसकी मां बिटटन जायसवाल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनके हाथ पैर की हडडी टूट गयी। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है।

# निपुण विद्यार्थियों को डीएम ने शिक्षण सामग्री वितरित कर किया उत्साहवर्धन

**मुख्यमंत्री द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के तहत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण, जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया**

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने ग्राम पंचायत-बड़नपुर कादीपुर इचौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न विभागों यथा-बेसिक शिक्षा, कृषि, दिव्यागजन सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य आदि विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना।

जिलाधिकारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया तथा गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया। इसके साथ ही जिलाधिकारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने निपुण विद्यार्थियों-अंनिकेत, राधा, रश्मि, अनमोल, काव्या चौरसिया, आयशा गौतम, अमित कुमार,अश्वनी कुमार, करिश्मा, शिवा, अर्पित सिंह एवं आदित्य कुशवाहा को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम 26 जनवारी 2024 तक संचालित किया जायेंगा। जनपद कौशाम्बी में शासन द्वारा 06 वैन उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक वैन प्रतिदिन 02 गॉव में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहीं है। उन्होंने कहा कि ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन/विशेषकर वंचित लोगों को जागरूक करना, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/फीडबैक प्राप्त करना है। उन्हांने ग्रामवासियों से कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल के माध्यम से योजनाओ की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों तथा किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड एवं आवास आदि के लिए आवेदन/पंजीकरण करा लें, जिससे पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सकें। उन्हांने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है, योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आयु 60 वर्ष से अधिक हो गई है तथा पेंशन नहीं मिल रहीं है, वे सभी लोग वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन अवश्य करें, ताकि पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सके। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने कहा कि हमारा देश, कृषि प्रधान देश है, देश के अधिकतर लोग गॉव में निवास करते हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार गॉव के सम्पूर्ण विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रहीं है। उन्हांने कहा कि सरकार सौभाग्य योजना के तहत पात्र लोगों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित आदि योजनाओ से बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य कर रहीं है। सरकार द्वारा निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, जिसे 05 वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री की महत्वॉकाक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर-नल से जल पहुँचाने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जाय। कार्यक्रम में डी0सी0 मनरेगा मनोज वर्मा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी राकेश वर्मा, सीडीपीओ, खण्ड विकास अधिकारीएवं पूर्ति निरीक्षक आदि अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियां को विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सिराथू प्रतिनिधि लवकुश मौर्य पूर्व प्रधान मुकेश त्रिपाठी आदि गणमान्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।


## आरएएफ के जवानों के साथ पुलिस ने किया पैदल मार्च



महेवाघाट कौशाम्बी जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना करारी पुलिस द्वारा आरएएफ के साथ थाना करारी क्षेत्र के अन्तर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में मंगलवार को फ्लैग मार्च किया गया एवं लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई आरएएफ के जवानों के साथ पैदल मार्च में थानाध्याय सुनील कुमार सिंह कांस्टेबल रितेश कुमार बृजेश कुमार राजकुमार शिवपूजन अनिल कुमार अमोद कुमार दिलीप कुमार चौकी इंचार्ज राम चरण राम आदि लोग मौजूद रहे।

# आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला, भरसवां, महगांव, रेही, बेरौचा, रक्सौली, बड़नपुर कादीपुर इचौली, इब्राहिमपुर, सैयदसरावां, बूंदा, जुगराजपुर एवं कोल्हुआ में हुआ कार्यक्रम**




**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला, भरसवां, महगांव, रेही, बेरौचा, रक्सौली, बड़नपुर कादीपुर इचौली, इब्राहिमपुर, सैयदसरावां, बूंदा, जुगराजपुर एवं कोल्हुआ में ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के अन्तर्गत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का।

# 13 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-टेंगाई, वैशकांटी, बिरौली, गौरा, गोपसहसा व गौरातफारीक में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा खोरांव, पवारा, मलाक मोहिद्दीनपुर, जरैनी, गुरौली व ढेरहा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्वमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्वधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे।स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

## कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

**कौशाम्बी।** थाना पुलिस से उचित न्याय ना मिल पाने के कारण पीड़ित फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादी। थाना पुलिस से न्याय ना पाने वाले फरियादियों की पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सरलता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओंमें सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व में मुगलों और अंग्रेजों के शासन के दौरान हिंदुओं को और सनातन को खत्म करने के लिए भारी साजिश की गई। लेकिन हमारे पूर्वजों के बलिदान के फल स्वरुप आज भी भारत माता के पुत्र सनातनी भारत में है। हमें अपने पूर्वजों के इस महान बलिदान को याद रखना चाहिए और अपने पूर्वजों के इस बलिदान के लिए संघर्ष करना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने मौजूद मातृशक्ति से बात करते हुए कहा कि जिस तरीके से धर्म विशेष के लोगों द्वारा लब जिहाद और लैंड जिहाद कर हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है उसके लिए मातृशक्ति को भी आगे आकर इस मोर्चे को संभालना होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्वेश पटेल, शिवम पांडे, प्रकाश दुबे, शिखर मिश्रा रजत पाण्डेय पंकज सिंह, पवन पटेल, हनुमान प्रसाद, रचित पांडे, नीरज पटेल, श्यामू राजपूत, राधेश्याम राजपूत, श्रीनाथ मौर्य, रामचंद्र पाल, साजन राजपूत, दिनेश कुमार, मुंशी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अपहरण हुई नाबालिक बालिका को संदीपन घाट पुलिस नहीं कर पाई बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव में दो महीने पहले अपने मामा के यहां घूमने गई बालिका जब शौच क्रिया करने बाहर गयी तो चार लोगों ने मिलकर नाबालिग बालिका का अपहरण कर लिया। भुक्तभोगी परिवार ने संदीपन घाट थाना में नामजद शिकायती पत्र दिया। जिस पर संदीपन घाट थाना पुलिस ने अपराध संख्या 241/2023 धारा संख्या 363, 366, दर्ज करके चुपचाप शांत बैठ गयी दो महीने बीत जाने के बाद भी आज तक बालिका का सुराग थाना पुलिस नहीं लगा पाई प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका रहने वाली है।

# टेढ़ीमोड़ में मीडिया हाउस का हुआ शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी कोखराज।** थाना के टेढ़ीमोड़ चौराहे पर मंगलवार को मीडिया हाउस का शुभारंभ किया गया जिससे लोगों की जन समस्याएं और सामाजिक समस्याओं को अधिकारियों, प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने के लिए अखबार में प्रकाशन के माध्यम से जानकारी एवं निवारण के लिए सहूलियत मिल सकेगी। टेड़ीमोड़ मीडिया का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिराथू विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार पटेल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्था के चार स्तंभों में मीडिया एक स्तंभ है जो समाज की समस्याओं को उजगार कर सरकार से समाधान करवाने में महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। आम जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का मीडिया एक महत्वपूर्ण साधन है। इस मौके पर पत्रकार बीरेंद्र केसरवानी ने कहा की मीडिया के पास केवल कलम की ताकत होती है जिसके माध्यम से वह निष्पक्ष और निभीक रूप से काम करते हुए आम जनमानस को समस्याओं और भ्रष्टाचार की नीव को उजागर करने का काम करता है। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रामबाबू श्रीवास ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान नियामत उल्ला, शिवकरन, नितिन केसरवानी, पत्रकार मानसिंह, धर्मेंद्र सोनकर, अशोक कुमार गुप्ता, रामकिशन पटेल, रामविलास पटेल सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# बाल श्रम और बाल विवाह न करने की लोगों ने ली शपथ




**कौशाम्बी।** जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति चित्रकूट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सहयोग द्वारा जनपद कौशाम्बी के ब्लॉक बारा, नेवादा और चायल के 50 पंचायतो मे वृहद स्तर पर बाल विवाह बाल श्रम बाल यौन शोषण तस्करी जैसी बुराई को दूर कर लोगो को जागरूक करने का महाअभियान संस्था द्वारा चलाया जा रहा हैं। बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल यौन शोषण, तस्करी जैसी बुराई को दूर करने एवं लोगो को जागरूक करने के लिए जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति अपने सहयोगी कार्यकर्ताओ के साथ प्रत्येक दिन बाल विवाह, बाल श्रम एवम बाल तस्करी जैसे अहम मुद्दों पर समाज के हर वर्ग में जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर सतत प्रयासरत है। इसी क्रम मे ग्राम एगवा एवम महिला ग्राम में संस्था के लोगो द्वारा चौपाल कार्यक्रम के साथ जनसमूह को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई । जिसमे ग्राम सभा महिला कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण में चौपाल का कार्यक्रम अयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ग्राम प्रधान श्रीमति अमिता द्विवेदी, आगनवाड़ी, आशा, आशा बहू ,ग्राम पंचायत सहायक, एनएम, लेखपाल,सीएचसी आए हुए डॉक्टर, सफाई कर्मचारी, स्कूल के अध्यापक व बच्चे जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह पटेल सहित तमाम लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। चौपाल में ग्राम महिला, कैलाशपुर, एगँवा, प्रभापर, धाना, चुन्नी का पुरवा तथा छेकवा ग्राम सभा के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय के लोगो को बाल विवाह व बाल श्रम न करने के लिए और न ही प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया संसद प्रतिनिधि ने बाल विवाह एवम बाल श्रम न करने/ करवाने के लिए लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया और लोगो को शपथ दिलाई कि बाल विवाह न होने देंगे और न ही बाल विवाह में प्रतिभाग करेगे। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति, चित्रकूट से कममुनिटी सोशल वर्कर अमित पांडेय, विपिन पांडेय एवम काउन्सलर राकेश द्विवेदी सहित तमाम लोग उपस्थिति रहे। संस्था से अमित शुक्ल ने लोगो को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई और बाल श्रम, बाल तस्करी जैसे गंभीर मुद्दे को आये हुए ग्रामीण जनमानस के साथ चर्चा एवम परिचर्चा भी किया उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है इसका बहिस्कार करके हम सब किशोर एवम किशोरियों के बचपन को बचा सकते है तथा उनके जीवन को नया आयाम देना का प्रयास कर सकते है। इसके लिए समाज के हर तबके को जागरूक एवं शाशक्त बनाना होगा तब जाकर हम सब इस समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर अकुश लगा पाएंगे और इसके बाद हीं हम अपने किशोर एवं किशोरिओ का बचपन सुरक्षित कर पाएंगे। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति एवम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन का एक मात्र लक्ष्य है कि भारत को बाल विवाह, बाल श्रम एवम बाल तस्करी मुक्त भारत बनाना है ।

## न्यूज झरोखा

### बीच रास्ते महिला से भद्दे कमेंट 4 दिन बीते नहीं दर्ज हुआ मुकदमा



**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी गांव का एक युवक अपनी पत्नी के साथ बाइक से 8 दिसंबर को जनपद मुख्यालय मंझनपुर जा रहा था जैसे ही दंपति चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला के पास पहुंचे विक्रम में सवार चार लफंगे युवकों ने दंपति के बाइक के पास पहुंच कर ओछी हरकतें शुरू कर दी विक्रम को बाइक के आगे पीछे करने लगे विक्रम में सवार चारों लफंगे युवक बीच रास्ते में दिनदहाड़े महिला से अश्लील भद्दे कमेंट करने लगे महिला ने विरोध किया लेकिन लफंगों का मनोबल नहीं टूटा चरवा थाना क्षेत्र का यह सिरियावा कला गांव अपराधिक दुनिया का बेताज बादशाह माना जाता है और कभी पुलिस के नाक में दम करने वाले लोग सिरियावा कला गांव में होते थे एक जमाना था जब आधी पुलिस फोर्स सिरियावा कला गांव के विवाद को निपटाने में लगी रहती थी दिनदहाड़े बीच रास्ते में महिला से भद्दे कमेंट करने का यह मामला बेहद गंभीर है मामले की सूचना दंपति ने उसी दिन चरवा थाना पुलिस को दिया लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी ना तो विक्रम चालक को थाना पुलिस ने हिरासत में लिया है और ना हीं विक्रम में सवार चारों लफंगों को पुलिस हिरासत में ले सकी है।

### साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर गम्भीर घायल



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के पंचम होटल के पास एक साइकिल सवार को अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर घायल हो गया है साइकिल सवार की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जाती है साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद मौके से बाइक सवार फरार हो गया पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और साइकिल सवार को गम्भीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक साइकिल सवार की पहचान नहीं हो सकी है पुलिस के द्वारा तमाम लोगों को पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो सकी हैं।

### हादसे में महिला उसकी सास और चालक गंभीर घायल



**कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद ई रिक्शा सड़क के किनारे बने गड्ढे में पलट गया,हादसे में गर्भवती महिला उसकी सास और चालक गंभीर घायल हो गई,दोनो महिलाओं के पैरो में गंभीर चोट है,जिन्हे पहले नजदीक के अस्पताल भेजा गया जहा से दोनो को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया घटना कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन के पास पंचम ढाबा के सामने की है घटनाक्रम के मुताबिक कानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने कोखराज थाना क्षेत्र के पंचम ढाबा के पास पीछे से ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा में बैठे सास और गर्भवती बहू व ड्राइवर 50 फिट की दूरी पर नाले में जा गिरे।हादसे में ई रिक्शा में बैठे सास व गर्भवती बहू दोनों पैर टूट गए है वही चालक को भी गंभीर चोटे आई है, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। घायल महिला की पहचान जमलामऊ के केत्ती पत्नी राजकुमार व केत्ती की सास गीता स्व रमेश सरोज जो अपनी बहू के मायके कोखराज के मजरा गरीब का पुरवा गई थी, फिर उसके बाद अपनी सास के साथ अल्ट्रासाउंड करवाने मूरतगंज के लिए ई रिक्शा को रुकवा कर जैसे ही पंचम ढाबा के पास ई रिक्शा में बैठी तभी पीछे से चार पहिया ने टक्कर मार दी है ।

# लाश करे पुकार साहब! बताओ मुझे किसने मारा इंसाफ दो

**मानसिंह की गुमसुदगी तो दर्ज नही हुई तो कैसे होती रिपोर्ट दर्ज**




**कौशांबी।** कई राते बीती. दिन बीते. मह बीता लेकिन मानसिंह की लाश को इंसाफ नहीं मिल सका। कौशांबी के मानसिंह की लाश भले ही खागा थानार्गत लावारिस हालत में मिली रही हो लेकिन खागा कोतवाल तेजाबहादुर सिंह ने काफी जद्दोजहद के बाद मानसिंह की लाश को उसकी पहचान तो दिला दी लेकिन सैनी पुलिस एक माह बाद भी मानसिंह को इंसाफ दिलाने में नाकाम रही। आज भी मानसिंह के परिजन उसे इंसाफ दिलाने के लिए दर ब दर भटक रहे हैं। मालूम हो सैनी अनर्गत निंदूरा की रहने वाली फूलकली ने 6 नवंबर को प्रार्थना पत्र देकर सैनी पुलिस से गुहार लगाई थी कि उसका बेटे को 3 नवंबर को अझुवा का मेला दिखाने के बहाने गांव के ही जितेंद्र अपनी बाइक में बैठकर ले गया उसके बाद वो वापस नहीं लौटा हर जगह खोजबीन की जितेंद्र से भी पूछा लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। पुलिस ने एक मां की पुकार नही सुनी न ही गुमसुदगी दर्ज की। वहीं तीन दिन बाद खागा कोतवाली अंतर्गत उसकी लाश रेलवे ट्रैक के किनारे लावारिश हालत में मिली। खागा पुलिस ने खोजबीन कर लाश को उसकी पहचान निंदूरा निवासी मानसिंह के रूप में कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। लेकिन एक माह बीतने के बाद भी पुलिस ने न तो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की और न ही आरोपियों को उठाने की जहमत उठाई जब कि अपराध की शुरूआत जहां से हो मुकदमा उस थाने में दर्ज होना चाहिए और मानसिंह को उसके घर से बुलाकर ले गए थे वह सैनी थाने में है लेकिन उसके बाद भी सैनी कोतवाल ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की जिससे उनकी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है या फिर किसी बड़े दबाव के चलते मानसिंह को ले जाने वाले लोगो को बचाने का प्रयास कोतवाल कर रहे हैं।वहीं अगर लोगों की माने तो मानसिंह ने अपने हिस्से की जमीन बेची थी पैसे के लेनदेन में ही उसके कत्ल की गुत्थी उलझी हुई है फिलहाल कुछ भी लेकिन आज भी मानसिंह की मां अपने बेटे को इंसाफ की आस में अपनी सांसे गिन रही है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14, 15, 16 एवं 18 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जनपद के शिक्षित बेरोजगारों, सिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक ब्लाक परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन एस0आई0एस0 सिक्योरिटी सर्विसेज सिंगरौली, म0प्र0 के द्वारा किया जायेंगा, जिसमें कंपनी द्वारा प्रास्पेक्टस एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क 500.00 (पॉच सौ रू0) एवं चयन के उपरान्त प्रशिक्षण शुल्क 13500.00 (जिसमें 02 सेट यूनीफार्म, पी0टी0 सूज, बेल्ट, टाई, कैप, ट्रेनिंग सार्टिफिकेट, 01 माह रहना और खाना इत्यादि) कंपनी द्वारा लिया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि विकास खण्ड-कड़ा में दिनांक 14 दिसम्बर, सिराथू में 15 दिसम्बर, मूरतगंज में 16 दिसम्बर एवं मंझनपुर में 18 दिसम्बर 2023 को 10 बजे से 04 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर लाभ प्राप्त कर सकतें हैं।

## संपादक की कलम से

# अब कांग्रेस को कुछ नया करना होगा


हाल ही में सम्पन्न विधान सभा चुनाव कांग्रेस के लिए संकेत हैं कि वह कुछ नया करे।इन चुनाव परिणामों के आने के बाद ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, लालू यादव, स्टालिन, अखिलेश यादव इत्यादि सभी ने इंडी की बैठक में आने से इंकार कर दिया तो कांग्रेस को इंडी की यह बैठक ही स्थगित करनी पड़ी।मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलांगना और मिजोरम समेत पांचों राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे माह के प्रथम सप्ताह में आ गए थे। कुछ महीने बाद ही 2024 में देश की लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसलिए देश की राजनीति में इनकी महत्ता ही नहीं बढ़ गई थी, बल्कि सभी राजनीतिक दलों का पारा भी जरूरत से ज्यादा चढ़ गया था। जहां तक इन चुनावों के नतीजों का सवाल है, भाजपा ने तीनों हिन्दी प्रदेशों यानी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत हासिल कर ली है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसने कांग्रेस से सरकार छीनी है और मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बरकरार रखी है।

मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से भाजपा ने 163 पर जीत हासिल की। कांग्रेस के हिस्से केवल 66 सीटें आईं। राजस्थान विधानसभा की कुल 200 सीटों में से भाजपा ने 115 पर जीत हासिल की और कांग्रेस को 69 सीटें ही मिलीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों में से भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटें मिलीं। तेलंगाना विधानसभा में कुल 119 सीटें हैं। वहां अभी तक भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। कांग्रेस ने वह सरकार उससे छीन ली है। भाजपा ने 8 सीटें जीती हैं। ओवैसी का हैदराबाद और उसके आसपास थोड़ा असर लम्बे अरसे से है। उसने 7 सीटें जीती हैं। वैसे वह लम्बे अरसे से सात सीटें ही जीतता रहा है।

भाजपा के लिए तो यहां इससे भी बड़ा सवाल था। क्या भाजपा की यह दक्षिण यात्रा जारी रहेगी या फिर तेलंगाना इसको रोक देगा? 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा यहां केवल एक सीट जीत पाई थी। उसके बाद हुए दो उपचुनावों में भाजपा ने दो सीटें और जीत लीं। पिछले साल ही मीडिया में यह चर्चा भी होने लगी थी कि भाजपा तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को पराजित करने की हालत में पहुंच गई है।यह शायद अतिशयोक्ति ही थी। भाजपा ने आठ सीटें और चौदह प्रतिशत वोट लेकर स्थापित कर दिया है कि उसने दक्षिण के इस राज्य में भी हाशिए से बाहर निकल कर स्वयं को प्रदेश की राजनीति के केन्द्र में स्थापित कर लिया है। कांग्रेस की सबसे बड़ी चिन्ता यही है कि पूर्व, पश्चिम और उत्तर के बाद अब भाजपा ने दक्षिण की ओर भी बढ़ना शुरू कर दिया है।

बात मिजोरम की । मिजोरम ईसाई प्रदेश है। इसकी जनसंख्या मात्र ग्यारह लाख है जिसमें से चार लाख लोग इसकी राजधानी आईजोल में ही रहते हैं। मिजोरम की विधानसभा में चालीस सीटें हैं। इनमें से चौदह सीटें आईजोल में ही हैं। पिछले लम्बे अरसे से वहां मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) नाम के क्षेत्रीय दल की सरकार थी। लेकिन इस बार जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जैडपीएम) नाम के दल ने उससे सत्ता छीन ली है। एमएनएफ को दस सीटें मिलीं जबकि जैडपीएम 27 सीटें ले गया। भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली। मिजोरम विधानसभा की दो सीटें ऐसी हैं जहां चकमा ही जीतते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पास पांच सीटें थीं और भाजपा के पास एक सीट थी। मिजो समुदाय और कूकी समुदाय को एक ही माना जाता है। इसलिए मणिपुर की स्थिति के कारण ऐसा माना जा रहा था कि मिजोरम में इस बार भाजपा को लोग नजदीक नहीं फटकने देंगे, बल्कि कांग्रेस जीत जाएगी। लगभग तीस ज्ञात-अज्ञात पार्टियों से मिल कर जो इंडी एलायंस बनाया था, जिसमें कांग्रेस ने स्वयं ही अपने आपको इंडी एलायंस की धुरी मान कर व्यवहार करना शुरू कर दिया था, उसकी हवा इन चुनाव परिणामों ने निकाल दी है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इंडी एलायंस के सभी घटकों की बैठक छह दिसम्बर को बुलाई थी, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, लालू यादव, स्टालिन, अखिलेश यादव इत्यादि सभी ने इस बैठक में आने से इंकार कर दिया तो कांग्रेस को अपनी इंडी की यह बैठक ही स्थगित करनी पड़ी। इस तरह ये चुनाव कांग्रेस के लिए संकेत हैं कि वह कुछ नया करे।

# भारत की एकता को बल देने वाला युगांतरकारी फैसला



संविधान के अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला निर्विवाद रूप से युगांतरकारी, ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने वाला मील का पत्थर एवं अमिट आलेख है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल एक नया अध्याय लिखा बल्कि भारत की एकता और अखंडता को नई मजबूती भी दी। जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास, सुशासन एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से सिरमौर साबित होगा, इसमें सारे संदेहों पर से पर्दा उठ गया है। समूचा राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के भारत का अभिन्न हिस्सा बनकर विकास के एक ह्यनये युगह्न में प्रवेश करने की इस नयी सुबह पर हर्षित है। कहा जा सकता है कि जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किए जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने यह फैसला देकर साफ कर दिया है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मंशा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत, उर्वरा एवं समतामूलक जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाए कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान करेंगे। आजादी के समय तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन इसके बजाय संकीर्ण, अराष्ट्रवादी, स्वार्थी राजनीति जारी रखने के निर्णय के साथ भारत को विघटित, अशांत एवं अलोकतांत्रिक करने की कुचेष्टा की गयी। इससे राष्ट्रीय हितों की अनदेखी हुई। किन्हीं राजनीतिक आग्रहों, पूर्वाग्रहों एवं दुराग्रहों के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को आतंकवाद और अलगाववाद की तकलीफें लंबे समय तक झेलनी पड़ी हैं। भारत का एकीकरण ह्यएक प्रधान, एक निशान, एक विधानह्न के बिना अधूरा था बावजूद एक ही राष्ट्र में दो प्रधान, दो निशान एवं दो विधान की संकीर्ण एवं अराष्ट्रवादी सोच को पनपाने के षड़यंत्र आजादी के पचहत्तर वर्षों में होते रहे। लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, उसने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद- 370 और 35 ए को निरस्त करने की ठानी और इस लक्ष्य को आखिरकार प्राप्त कर लिया गया। नेहरू युग के दौरान कांग्रेस द्वारा की गई कई ह्यऐतिहासिक भूलोंह्न में से एक को सुधारने के लिए पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया। जिसके बाद मोदीजी के नेतृत्व में कश्मीर में शांति और समृद्धि लौटी और लोगों ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक एवं राजनीतिक भूल को सुधारने के लिये डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू मंत्रिमंडल में रहते हुए विरोध किया, इसके लिये मंत्रिमंडल छोड़ कर कठिन राह चुनी। इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी, पर उनके बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़े। इसी तरह अटल विहारी वाजपेयी ने ह्यइंसानियतह्न, ह्यजम्हूरियतह्न और ह्यकश्मीरियतह्न का जो प्रभावी संदेश दिया, वह सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा। जिन्होंने ह्यभारत के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरणह्न का सपना देखा था और जिसके लिए उन्होंने राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने जीवन का बलिदान भी दिया। इन राष्ट्रवादियों के प्रयत्नों का ही परिणाम है कि आज जम्मू-कश्मीर में एक उजली सुबह हुई है।

जम्मू-कश्मीर की तथाकथित राजनैतिक शक्तियां ने सुप्रीम कोर्ट के इस अनूठे फैसले का विरोध किया है। यह एक विडंबना ही है कि अनुच्छेद 370 की अन्यायपूर्ण एवं विघटनकारी प्रकृति के बाद भी संकीर्ण राजनीतिक कारणों से यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि वह तो जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है, ऐसी दुराग्रही राजनैतिक शक्तियां अलग-थलग रहकर अपने राजनैतिक स्वार्थ की रोटियां सेकना चाहते हैं, उनकी नजर में वहां की अवाम के सुख-सुविधाओं एवं जीवन का कोई मूल्य नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उनकी मंशा पर पानी फिर गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में अगले वर्ष सितंबर तक चुनाव कराने के साथ ही केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को जितनी जल्दी संभव हो, बहाल करने का भी निर्देश दिया। ऐसा किया ही जाना चाहिए, लेकिन तभी जब वहां से जबरन निकाले गए कश्मीरी हिंदुओं की वापसी का रास्ता साफ हो सके। बीते चार दशकों में कश्मीर में अत्याचार और दमन के साथ लाखों कश्मीरी हिंदुओं का जो पलायन हुआ और वे अपने ही देश में जिस तरह शरणार्थी बनने को विवश हुए, वह एक ऐसी त्रासदी एवं विडम्बना है जिसे भूला नहीं जाना चाहिए। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने लोगों के घावों को भरने के लिए दक्षिण अफ्रीका की तर्ज पर सत्य एवं सुलह आयोग गठित करने का निर्देश दिया। चूंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पाकिस्तान समेत देश विरोधी अन्य शक्तियों का बौखलाना स्वाभाविक है, इसलिए भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहना होगा। इन उन्मादी ताकतों की कोशिश होगी कि कश्मीर में अंधेरा फैलाये।

जम्मू-कश्मीर अन्य क्षेत्रों की तरह देश का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए यह सुनिश्चित करना सरकार और सभी संवैधानिक संस्थानों का दायित्व है कि आम देशवासियों की तरह वहां के नागरिकों के भी सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार कायम रहें। तय है कि इस फैसले से धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटेंगे। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों को अधिक आकर्षित करेगी। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विटजरलैंड कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल लाखों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरे हुए जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। अब तक पर्यटक यहां आने से घबराता था, लेकिन अब वह बैहिचक यहां आ सकेगा। प्रदूषण रहित यह स्थल एक बार फिर आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाने वाले लोगों को अब किसी भी तरह के संरक्षण की संभावना नहीं है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा। आए दिन की हिंसक घटनाएं पर विराम लगा है, अब विकास की गंगा प्रवहमान होगी। यह रोग पुराना एवं लाइलाज हो गया था लेकिन मोदी के ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज हुआ है।

मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के और अधिक विकास के लिए अपने ह्यअथक प्रयासह्न जारी रखते हुए वहां के लोगों के दिलों में भारत की एकता के लिये विश्वास जगायेगी। वास्तव में देखा जाये तो अब असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध-आतंक के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाते हुए अपने लोगों का अपने ढंग से, आत्मीयता से हृदय परिवर्तन करेगा। कश्मीर यात्रा में मैंने देखा कि केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले ही कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर को आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। अब सर्वोच्च फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर के नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी विश्वास का निर्माण करना, स्वस्थ राजनीतिक नेतृत्व को बल देना, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बहाल करना तथा निरंतर विकास को सुनिश्चित करना प्राथमिकता एवं प्रतिबद्धता बननी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न की भावना को मजबूत किया है। इस फैसले के बाद अब इस विवाद को आगे बढ़ाने की न कोई गुंजाइश रह गई है और न ही जरूरत। अब घाटी के लोगों के सपने बीत समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की उजली संभावनाएं हैं। कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय के बाद अब तो एक नये कश्मीर को विकसित करने के लिये कमर कसे, संकल्पबद्ध हो।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**
**दिल्ली-110092**
**फोनः-22727486, मोबाईलः- 9811051133**

# आत्म चिंतन करें मायावती



हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाायक है।

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में एक कुल पांच सीट जीती थी तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

काशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे।

कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है।

केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापति रहेगी।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# क्या एनिमल अनैतिक फिल्म है?

जब से एनिमल रिलीज हुई है तब से सोशल मीडिया पर इससे जुड़े काफी रिव्यूज पढ़ चुका हूं। बहुत से लोगों ने इसमें रणबीर कपूर के किरदार पर खासी आपत्ति दर्ज की है। लोग रणबीर के Male Chauvinist किरदार से काफी खफा हैं। वो इस बात से नाराज हैं कि एक मर्द औरत पर अपनी मजी कैसे थोप सकता है? एक मर्द खुद बीवी से धोखा करते हुए उसे खुलेआम ऐसा न करने को कैसे कह सकता है? वो अपनी बहनों पर इतना रौब कैसे मार सकता है? वो खुद अपने जीजा को कैसे मार सकता है? वो बार-बार इस बात को कैसे अंडरलाइन कर सकता है कि मैं एक अल्फा मेल हूं और होगा वही, जो मैं चाहूंगा। इसके अलावा जिस तरह वो खुलेआम अपनी सेक्स लाइफ के बारे में बोलता है वो भी लोगों को हजम नहीं होता। फिल्म में जिस लेवल की हिंसा दिखाई गई उससे भी बहुतों को प्रॉब्लम है। इसके अलावा भी नैतिकता के बहुत सारे मापदंड है जिस पर फिल्म को कसा गया है और ये भी कहा गया है कि आर्ट का काम तो मैसेज देना होता है कि न कि किसी नकारात्मक सोच को जस्टिफाई करना, जैसा कि ये फिल्म करती है। फिल्म की आलोचना मोटे तौर पर इन्हीं बातों के इर्द गिर्द है। मैंने आज ही ये फिल्म देखी है और बड़ी विनम्रता से कहना चाहूंगा कि मुझे इनमें से ज्यादातर आपत्तियों में कोई दम नहीं लगा। दम इसलिए नहीं लगा, क्योंकि आप किसी किरदार की Negativity पर सवाल तब खड़े कर सकते हैं जब उसके उस व्यवहार के पीछे कोई Rational या तर्क न हो राइटर-डायरेक्टर आपको सिर्फ हैरान करने के लिए हीरो से ये सब करवा रहा हो। एनिमल फिल्म तो शुरू में ही इस बात को साफ कर देती है कि कैसे दस साल का एक बच्चा जो अपने बाप से बेहद प्यार करता है मगर उसका बाप कभी उसके लिए वक्त नहीं निकाल पाताङ्खवो अपने बाप को उसके बर्थडे पर विश करने के लिए स्कूल में टीचर की मार खाता है फिर स्कूल से भागकर घर आ जाता है घर से भागकर बाप को विश करने उसकी फैक्ट्री जाता है मगर उसका बाप कभी नहीं मिलता और आखिर में बच्चा मायूस होकर हाथ पर टीचर की दी चोट का निशान लेकर सो जाता है उसका बाप सारी ज़िंदगी उसे कभी वक्त नहीं देता और बेटे के मन में हमेशा इस बात टीस बनी रहती है कि पापा मुझसे बात नहीं करते बाप भी बेटे की इस शिकायत को अच्छे से जानता है मगर बाप का मेल ईगो उसे कभी बच्चे के सामने अपनी गलती कबूल नहीं करने देता। पिता का यही रवैया बेटे को अंदर के कड़वाहट से भर देता है। और कई बार ऐसा होता है जिस भी चीज या इंसान को बेहद आप चाहें और वो आपको न मिले तो आप self-destructive मोड में चले जाते हैंङ्खजहां आप किसी भी सूरत में अपनी सोच से समझौता करने के लिए तैयार नहींङ्खमानो अपने प्यार को मिली बेरूखी के बदले पूरी दुनिया से बगावत कर लेते है अपनी बात को सही साबित करने के लिए आप किसी से भी लड़ लेते हैं, किसी से भी रिश्ता तोड़ लेते हैं, किसी को भी हर्ट करते हैं और ऐसा करते वक्त आप कभी नतीजों की परवाह नहीं करते क्योंकि आपको लगता है कि आप हर्ट हुए हैं तो अब आप सबको हर्ट करेंगे रणबीर का किरदार भी पूरी फिल्म में यही करता है उसके बाप ने उसके प्यार की कभी परवाह नहीं की और उसने भी अपनी सोच और अपने सही-गलत के अलावा किसी की भी परवाह करना बंद कर दिया है धीरे-धीरे उसके अंदर ये कड़वाहट बढ़ती जाती है और एक वक्त बाद वो अपने बेसिक एनिमल Animal Instinct को काबू करना छोड़ देता है वो अपने व्यवहार में politically correct होने की कोशिश नहीं करताङ्खवो अपनी मर्दवादी सोच को छिपाने या दबाने की कोशिश नहीं करता वो अपनी बीवी के मुंह पर कह देता है कि मैंने किसी और से सेक्स किया तो क्या हुआ, तुम नहीं करोगी मेरे मरने के बाद किसी से शादी भी नहीं करोगी उसे लगता है कि उसकी बहन को अपनी नहीं, उसकी पसंद के लड़के से शादी करनी चाहिए थी। उसे गुस्सा आता है तो वो भरे फंक्शन में सबके सामने अपने जीजा की बेइज्जती कर देता है। रणबीर पूरी फिल्म में क्या करता है, क्यों करता है, वो कितना सही या गलत उसने जो-जो किया, वो क्यों किया इस पर लंबी बहस करने के बजाए अगर सिर्फ इस एक बात को समझ लें कि वो एक ऐसा over emotional इंसान है जो अपने पिता से मिली बेरूखी के चलते self-destruction mode में जा चुका है तो उसके किए सारे कामों के जवाब मिल जाएंगे। और जब एक बार हम उस किरदार को समझ जाएँगे तो वो अलग-अलग स्थितियों में कैसे रिएक्ट करता है ये भी अपने आप समझ आएगा। फिल्म बेसिकिली अलग-अलग स्थतियों में उस किरदार की स्वाभाविक (उग्र)प्रतिक्रियाओं की ऋंखला है और कुछ नहीं। इसलिए बजाए इसे नैतिक और अनैतिक से जज करने के अलग-अलग परिस्थितियों में उस किरदार की unpredictability से जज कीजिए। वो unpredictability जो जनता का बराबर मनोरंजन करती है। कुछ लोग ये सवाल करेंगे कि यार, बहुत सारे लोगों के साथ ज़िंदगी इंसाफ नहीं करती मगर हर कोई तो ऐसा नहीं हो जाता। बिल्कुल सही बात है। मगर किन हालात में कौनसा आदमी कैसे रिएक्ट करेगा ये कौन जानता है। अपने जीवन में मैं खुद ऐसे एक शख्स को बेहद करीब से जानता हूं। जिसने बचपन में अपने मां-बाप का प्यार नहीं देखा। वो बहुत छोटा था तब दोनों चले गए। मैं अच्छे से जानता हूं कि वो दिल का हीरा है। मगर उसने भी खुद को कई सालों से उस शैह्ना-र्ि२३१४४३ङ्कल्ल के मोड में डाल लिया है। वो किसी रिश्ते की परवाह नहीं करता। किसी रिश्तेदारी के लिए ज़िम्मेदारी नहीं समझता। शराब पीकर खुद को तबाह करने में लगा है।

## ईवीएम पर रोने से क्या होगा?

यह सही है कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की विधान सभाओं के चुनावों के नतीजे चौकने वाले आए हैं। क्योंकि इन दोनों राज्यों में पिछले कुछ महीनों से हवा कांग्रेस के पक्ष में बह रही थी। इसलिये सारा विपक्ष हैरान है और हतोत्साहित भी। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कमल नाथ इन परिणामों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और चुनाव आयोग को दोषी ठहरा रहे हैं। अपने सैंकड़ों आरोपों के समर्थन में इन नेताओं के कार्यकर्ता तमाम साक्ष्य जुटा चुके हैं। इसी चुनाव में मध्य प्रदेश में डाक से आये मत पत्रों में 171 विधानसभाओं में कांग्रेस जीत रही है यह सूचना चुनाव आयोग के रिकॉर्ड से पता चली है। फिर मध्य प्रदेश में कांग्रेस कैसे हार गई। जिस इलाके के सारे मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट दिया

था वो भी ये देखकर हैरान हैं कि उनके इलाके से भाजपा को इतने वोट कैसे मिल गये। ऐसे तमाम प्रमाणों को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ता अपना संघर्ष जारी रखेंगे। ये बात दूसरी है कि चुनाव आयोग उनकी बात पर गौर करेगा या नहीं। जबकि भाजपा इन नतीजों से न केवल अतिउत्साहित है बल्कि विपक्ष की हताशा को वो ह्यखिसयानी बिल्ली खम्बा नौचे बता रही है। पहले बात ईवीएम की कर लें

बीते कुछ चुनावों में, देश के अलग अलग प्रान्तों में, यह देखा गया है कि इलाके की जनता की भारी नाराजगी के बावजूद वहाँ के मौजूदा विधायक या सांसद ने पिछले चुनावों के मुकाबले काफी अधिक संख्या से जीत हासिल की। ऐसे में चुनावी मशीनरी पर सवाल खड़े होना जाहिर सी बात है। जो भी नेता हारता है वो ईवीएम या चुनावी मशीनरी को दोषी ठहराता है। ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही ईवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़-छाड़ का आरोप लगाते आए हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वो इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार ईवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

# मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति-4 व शक्ति दीदी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियों टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण किया। महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया।

मंगलवार को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी ने चैराहे- बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने, महिलाओं- बालिकाओं को राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणी की घटनाओं को रोकने को जागरुक किया। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये। मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि सभी थानों में महिला सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिस कर्मी महिलाओं की शिकायतें सुन-समझकर समय से निस्तारित करती हैं। महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा बाबत हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। सभी महिलाओं/बालिकाओ से हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने व आत्मनिर्भर बनने तथा निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने की सलाह दी। महिलाओं/बालिकाओ को जिले में गठित एंटी रोमियो टीम के बारे में बताया। सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास जहां महिलाओं-बालिकाओं का आवागमन होता है, उन स्थानों को चिन्हित कर शोहदो/मनचलो की हरकतो को रोकने को सादे वस्त्रों में पुलिस तैनात रहती है।



महिलाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो।

# संयुक्त टीम ने की मेला क्षेत्र की जांच



जाच करते बम स्कड की टीम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने अमावस्या मेला के मद्देनजर मेला क्षेत्र में सघन जांच की।

मंगलवार को डॉग स्क्वायड व एलआईयू टीम ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट, सीतापुर, परिक्रमा मार्ग, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की जांच की। जांच में टीम को कोई संदिग्ध वस्तु व व्यक्ति नहीं मिले। पुलिस ने ये जांच एहतियातन की है, ताकि सम्भावित हादसे से बचा जा सके।

# तीन वांछित-दो वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वांछित व दो वारंटी दबोचे हैं।

मंगलवार को मऊ थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी ने सिपाही राहुल पाण्डेय के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित दिलीप कुमार पुत्र शिवलाल निवासी सुरौंधा व दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित शुभम उर्फ रामबाबू पुत्र जयकरन निवासी गोली का डेरा मजरा बरियारी कला को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में शिवरामपुर थाने के दरोगा राधेश्याम सिंह ने दीवान सुनील सेंगर व सिपाही श्यामू के साथ वारंटी अच्छेलाल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद साहू निवासी रैपुरवा व दुर्घटना में मौत के वारंटी चन्द्रपाल पुत्र सियाराम निवासी शिवरामपुर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने सिपाही विवेक कुमार के साथ छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी तथा एससी/एसटी एक्ट के वांछित हिरवा पुत्र बोडर निवासी बजनी पुरवा रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में वांछित।

## लोडिंग टेंपो पलटा, मजदूर की मौत

**चित्रकूट।** ड्यूटी ऑफिसर एएसआई निर्भय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के गांव नसोली डामर निवासी सुआलाल (53) पुत्र गोविंद श्रीमहावीरजी के गांव कैमला स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। सोमवार सुबह सुआलाल भतीजे और दो भाइयों के साथ लोडिंग टेंपो से कैमला से गांव जाने के लिए मथुरा जा रहा था। रास्ते में सुबह करीब 9.30 बजे बयाना के डुमरिया रेलवे फाटक के पास अंडरपास से निकलते समय अचानक टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में सुआलाल टेंपो के नीचे दब गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का बयाना सीएचसी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है। लोडिंग टेंपो को जब्त किया गया है। मृतक के भतीजे प्रेमचंद की ओर से मामला दर्ज कराया है।

## मजदूरों को मिलेगा दुर्घटना लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, कुम्हार, जुलाहा, रिक्शा चालक, कर्मकार, ठेला चालक, फुटकर सब्जी विकेता, फुटकर व्यापारी, कुली, जनरेटर-लाइट उतारने वाले, कैटरिंग में काम करने वाले, फेरी लगाने वाले, मरम्मत गैराज कर्मकार, परिवहन में लगे कर्मकार, आटो चालक, टेन्ट हाउस में काम करने वाले, मछुआरा, बैलगाडी चालक, गाडीवान, अगरबत्ती बनाने वाले, घरेलू उद्योग में लगे कर्मकार, भडभूजे, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्ती बनाने वाले आदि मजदूरों से कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कार्ड धारकों की मृत्यु व दिव्यांगता की दशा में अनुग्रह राशि देती है। इसके लिए संबंधित लोग आवेदन कर सकते हैं। 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक पंजीकृत मजदूरों को दुर्घटना लाभ दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि ज्यादा जानकारी को मजदूर लोग उनके कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# दूसरे की फोटो लगा कराया बैनामा, पीडित ने की कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के बसहर गांव के बल्देव प्रसाद पुत्र नत्थूराम उर्फ बुद्धा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि कर्वी के जनकपुरी मोहल्ले के बिरादरी के एक व्यक्ति ने जान-पहचान कर पारिवारिक रिश्ते में लगने वाली दादी जमुना पत्नी स्वामीदीन को इलाज को कर्वी लाये थे। गांव-देहात रोज जाना सम्भव नहीं था। इसलिए दादी को इलाज को जनकपुरी मोहल्ले में छोड दिया था।

मंगलवार को पीडित बल्देव प्रसाद ने बताया कि सितम्बर 2020 में राजाराम ने जमुना पत्नी स्वामीदीन की फोटो लगाकर गांव में चकबन्दी होने के बाद उसकी अनुमति बिना भूमि का बैनामा जमुना बाई पत्नी चुन्नीलाल दिखाकर 28 सितम्बर को करा लिया। 29 सितम्बर को रजिस्टार कार्यालय में दर्ज करा लिया, जो फर्जी दस्तावेज हैं। दूर का रिश्तेदार होने से उसने रतीभान पुत्र जगमोहन निवासी पिलखिनी तहसील राजापुर व रमा देवी पत्नी केशव निवासी बैरमपुर तहसील मंझनपुर कौशाम्बी को फर्जी दस्तावेज से बेंच दिया। राजाराम ने सितम्बर 2020 में उसे सूचना दी कि जमुना पत्नी स्वामीदीन की मृत्यु हो गई है। उसने कर्वी में आकर दादी का दाह संस्कार कराकर बसहर चला गया। पीडित ने बताया कि रतीभान व रमा देवी ने इलाका पुलिस से मिलकर भूमि पर कब्जा का प्रयास करने लगी। उसे जब मालूम हुआ तो छह अप्रैल 2023 को देखा कि जमुना पत्नी स्वामीदीन की फोटो लगाकर जमुना बाई पत्नी बेवा चुन्नीलाल को खडाकर बैनामा कराया गया है। पीडित ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# चाकू समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में चौकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर की टीम ने गोपाल पुत्र नरेश रैदास निवासी केवडा थाना सदर कैथल जिला कैथल हरियाणा को एक चाकू समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ राजापुर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चौकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर व सिपाही अशोक पाल शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शासन के निदेर्शों की अनदेखीः रेलवे भूमि पर कराया खड़ंजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रेलवे की सरकारी भूमि पर ग्राम पंचायत ने इंटरलॉकिंग-खडंजा करा दिया है। प्रधान व सचिव की मिलीभगत से सप्लायर/ठेकेदार ने मानकविहीन कार्य कर सरकारी धन का बंदरबाट किया है।

ये मामला है रेलवे स्टेशन शिवरामपुर की सरकारी जमीन का। बताया गया कि शिवरामपुर प्रधान व सचिव ने इंटरलाकिंग-खडंजा निर्माण रेलवे की जमीन पर करा दिया है। ग्राम पंचायत ने पंचम वित्त आयोग की धनराशि से रमेश के घर से भैसौंधा रोड़ तक इंटरलॉकिंग-खड़ंजा बनवाया है। भुगतान एमके ट्रेडर्स के नाम पर हुआ है। इंटरलॉकिंग-खड़ंजा निर्माण में पहले इस रोड़ पर लोनिवि से कार्य हो रहा था। शिलान्यास पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका उपाध्याय ने किया था। गिट्टी आदि सामग्री डलवा दी गई थी। रेलवे विभाग शिवरामपुर ने निर्माण कार्य रोक दिया था। कुछ महीनों बाद शिवरामपुर के प्रधान व सचिव ने रेलवे भूमि पर मनमानी ढंग से इंटरलॉकिंग-खड़ंजा कराकर सरकारी भूमि पर कब्जा जमाने का काम किया है। मण्डल रेल प्रबंधक व जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ग्रामीणों ने लिखे पत्र में कहा कि शिवरामपुर प्रधान व सचिव ने शासन के निदेर्शों की अनदेखी की है। अवैध कब्जा की रेलवे भूमि से निर्माण कार्य ध्वस्त कराते हुए दोषियों पर कार्यवाही की जाये।

# जिला जेल में बन्दियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर एड्स नियंत्रण सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग ने जिला कारागार में आईएसएचटीएच के तहत सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, एचआईवी की जांच शिविर लगाया। शिविर में सभी बन्दियों की जांच की गई। मंगलवार को शिविर का शुभारम्भ सीडीओ अमृतपाल कौर व सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने किया। संचालन जिला जेल के जेलर ने किया। जिला जेल अधीक्षक ने सीएमओ, जिला क्षयरोग अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अतिथियों ने कहा कि बन्दियों की जांच का उद्देश्य बन्दियों को स्वस्थ्य रखना है। इस मौके पर डॉक्टरों की टीम के अलावा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ दयाशंकर, डीपीसी ज्ञानचन्द्र शुक्ला, पीपीएम विवेक कुमार मिश्रा, एसटीएलएस मुन्ना प्रसाद, जिला समन्वयक संदीप शुक्ला व जेल अस्पताल के अधीक्षक, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



जिला जेल में बन्दियों को सम्बोधित करती सीडीओ।

# हाईमास्ट जलाने के कौन हैं जिम्मेदार ?, गरीबों के यहां तो तत्काल पहुंचता है बिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत विभाग यूं तो किसी गरीब का कोई बिल पडा हो तो तत्काल कनेक्शन काट देता है। यहां तक कि बिना विद्युत जलाये ही बिल भी भेज देता है, लेकिन शहर व नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बडे-बडे हाईमास्ट जलते हैं तो इनका बिल कौन भरता है। ये सब सीधे कटिया फांसकर जलाये जाते हैं। आखिर हाईमास्ट आदि के बिजली उपभोग का जिम्मेदार कौन है?

मंगलवार को बिना कनेक्शन के हाईमास्ट जलने के क्या कारण हैं, इनका जिम्मेदार कौन है। हालांकि ये हाईमास्ट जिला मुख्यालय से लेकर नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक निधि व नगर पालिका तथा नगर पंचायत से लगवाये जाते हैं।

इन हाईमास्टों का सार्वजनिक उपयोग होता है, लेकिन विद्युत उपभोग का बिल तो भरना चाहिए। विद्युत विभाग भी किसी गरीब का थोडा-बहुत विद्युत बिल बकाया होता है तो तुरन्त कनेक्शन काटने पहुंच जाता है या फिर भारी-भरकम बिल भेज देता है। यहां तक कि बिना बिजली जलाये भी विद्युत बिल आने की खबरें मिलती रहती हैं।

सार्वजनिक स्थानों प्रसिद्धपुर व चकौंध गांव समेत विभिन्न स्थानों व जिला मुख्यालय तथा नगर पंचायत आदि जगहों पर चैतरफा हाईमास्ट जलते हैं। इन हाईमास्टों में भारी विद्युत खर्च होती है। फिर भी इनका बिल नहीं आता है। आखिर इनके बिल का जिम्मेदार कौन है, बिजली के हाईमास्ट का खर्च भी नगर पालिका, नगर पंचायत व जिस किसी की निधि से लगे हों, उससे बिजली बिल भी वसूल करना चाहिए।



चौहरो पर जलती हाई मास्क लाइट।

# मोदी की गारंटी गाडी का गाजेबाजे से हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लॉक के गढ़चपा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे।

मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने केंद्र व राज्य सरकार मोदी-योगी की गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बाबत ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व जिला महामंत्री तीरथ तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री उमेश पांडे, प्रधान श्रीमती ननकी देवी, भाजपा मंडल महामंत्री शंकर दयाल गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, ब्लॉक के नोडल अधिकारी, एएनएम, आशा बहु, आंगनबाड़ी, कोटेदार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



योजनाओं की जानकारी देते जिलाध्यक्ष।

# बच्चों के आवागमन को बनायें रपटाः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि रैपुरवामाफी कम्पोजिट विद्यालय में आवागमन को बरूआ नहर में विद्यालय के सामने रपटा बनाया जाये।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि कर्वी ब्लाक के रैपुरवामाफी के कम्पोजिट विद्यालय के सामने बरूआ नहर होने से बच्चों को विद्यालय आवागमन में परेशानी होती है।

बच्चों को पूरे गांव से घूमकर जाना पड़ता है। इससे उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां पर रपटा निर्माण जनहित में जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुये कम्पोजिट विद्यालय के सामने रपटा निर्माण को स्टीमेट तैयार कर शासन को अवगत करायें।



# मेला क्षेत्र में राजापुर एसएचओ ने की कडी मशक्कत, जाम खुलवाया

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में अगहन मेला के तीसरे मंगलवार को मंदिर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। यमुना पुल रोड में भारी जाम की स्थिति रही। काफी देर तक छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से आवागमन सुचारु कराया। मंगलवार को अगहन के तीसरे मंगलवार को सवेरे से हनुमान मेले में दर्शनार्थियों की भीड रही। सैकड़ो की तादाद में मन्नत मांगने वाले पूरे मेला क्षेत्र में भंडारे कराते रहे। दोपहर 12 बजे के बाद हजारों की तादाद में संकट मोचन मंदिर में भक्त प्रसाद चढ़ाते रहे। गर्भगृह से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस की चैकसी रही। मन्दिर में प्रवेश द्वार व निकास द्वार में बैरिकेटिंग की व्यवस्था होने से दर्शनार्थियों को गर्भगृह तक पहुंच दर्शन करने को धक्का-मुक्की करनी पडी। भीड़ होने से तुलसी चैक से लेकर यमुना पुल रोड में घंटो जाम लगा रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने दरोगा मुकेश परिहार, दरोगा केडी मिश्रा समेत पुलिस बल लेकर मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। जाम खुलते ही वाहनों का आवागमन शुरू हुआ। मेला क्षेत्र में दर्शनार्थियों ने प्रसाद, कास्मेटिक की दुकानों से घरेलू उपयोग की सामग्री व बच्चों तथा महिलाओं ने मेले में लगे झूलों का आनन्द लिया। मेला क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा जेपी उपाध्याय पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में डटे रहे। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह पूरे मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

## पोलैंड के नए प्रधानमंत्री होंगे डोनाल्ड टस्क




**वारसॉ।** पोलैंड की संसद ने सोमवार को मध्यमार्गी पार्टी के नेता डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। इसी के साथ आठ साल पुराने राष्ट्रीय रूढ़िवादी शासन के बाद यूरोपीय संघ समर्थक नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया।

पोलैंड के ऑनलाइन समाचार पोर्टल द वारसॉ आवाज के अनुसार टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया। यह वामपंथी से लेकर उदारवादी रूढ़िवादी पार्टियों तक जीत है। इस पोर्टल के मुताबिक प्रधानमंत्री माट्यूज मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान में टस्क के पक्ष में 248 पड़े। 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। पोलैंड में 15 अक्टूबर को हुए आम चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन ने जीत हासिल की थी।

द वारसॉ आवाज के अनुसार सदन का नेता चुने के बाद टस्क ने अपने संबोधन में कहा, मैं पोलिश लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। धन्यवाद पोलैंड, यह एक महान दिन है, मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए जो इतने लंबे वर्षों तक गहराई से विश्वास करते रहे कि यह अभी भी बेहतर होगा, कि हम अंधेरे को दूर भगाएंगे, बुराई को दूर भगाएंगे। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के कार्यालय ने कहा कि वह बुधवार सुबह तक नई सरकार को शपथ दिलाने के लिए तैयार होंगे।

## अफगानिस्तान में धरती कांपी, 5.2 तीव्रता का आया भूकंप




**काबुल।** अफगानिस्तान में आज (मंगलवार) सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने यह जानकारी दी है।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट आया। फिलहाल भूकंप के कारण किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले भी अफगानिस्तान के फैजाबाद में 4.4 की तीव्रता का भूकंप आया था। यह भूकंप फैजाबाद से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण पूर्व की गहराई पर आया। अक्टूबर में अफगानिस्तान में आए भूकंप में 4,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

## गोल्डन ग्लोब पुरस्कार के लिए बार्बी का नौ श्रेणियों में नामांकन, ओपेनहाइमर का भी दबदबा

**वाशिंगटन।** गोल्डन ग्लोब पुरस्कार के लिए ग्रेटा गेरविग की ब्लॉकबस्टर फिल्म बार्बी ने नौ श्रेणियों में नामांकन के साथ दबदबा कायम रखा है। बार्बी फिल्म को सर्वश्रेष्ठ म्यूजिकल या कॉमेडी फिल्म के साथ-साथ मार्गोट रोबी और रयान गोसलिंग के लिए अभिनय की श्रेणी में नामांकन मिला है। फिल्म के तीन गानों ने भी जगह बनाई है।

वहीं क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर शामिल है, जिसने सर्वश्रेष्ठ पिक्चर ड्रामा और अभिनेता सिलियन मर्फी, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और एमिली ब्लंट के अभिनय सहित आठ श्रेणियों में नामांकन प्राप्त किए।

सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर ड्रामा के लिए नामांकित फिल्मों में ओपेनहाइमर, मार्टिन स्कोसेर्से की किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, ब्रैडली कूपर की मेस्ट्रो, सेलीन सॉन्ग की पास्ट लाइव्स, जस्टिन ट्राइट की एनाटॉमी ऑफ ए फॉल और जोनाथन ग्लेजर की द जोन ऑफ इंटरेस्ट शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर म्यूजिकल या कॉमेडी श्रेणी में बार्बी के साथ एयर अमेरिकन फिक्शन, द होल्डओवर्स, मे दिसंबर और पुअर थिंग्स शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में मर्फी (ओपेनहाइमर), कूपर (मेस्ट्रो), डिकैप्रियो (किलर्स ऑफ द फ्लावर मून), रस्टिन के लिए कोलमैन डोमिंगो ने जगह बनाई है।

## राष्ट्रमंडल की महासचिव ने कहा- जलवायु संकट के समाधान के लिए दुनिया को भारत से उम्मीद

**दुबई।** जलवायु शिखर सम्मेलन (काप 28) में राष्ट्रमंडल की महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के समाधान के लिए दुनिया भारत के नेतृत्व और बौद्धिक शक्ति से उम्मीद लगाए बैठी है।

# नेपाली प्रधानमंत्री का खुलासा- रूसी सेना में दो सौ से अधिक नेपाली शामिल



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने रूसी सेना में नेपाली युवाओं के सम्मिलित होने पर चौंकाने वाला खुलासा किया है। पिछले हफ्ते रूसी सेना के तरफ से युद्ध लड़ रहे में 6 नेपाली युवाओं की मौत की खबर आने के बाद प्रधानमंत्री के तरफ से यह खुलासा किया गया है। माओवादी पार्टी मुख्यालय में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि रूस और युक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद 200 से अधिक नेपाली युवा रूसी सेना में शामिल होने की जानकारी सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश भी दे दिए हैं। पिछले दिनों रूस युक्रेन युद्ध में रूसी सेना के तरफ से लड़ते हुए 06 नेपाली युवाओं की मौत की खबर के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया था। पुलिस ने इस मामले में 50 से अधिक पासपोर्ट सहित करीब दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पार्टी कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि नेपाली नागरिकों को भारत और यूके के अलावा किसी भी देश की सेना में भर्ती होने की अनुमति नहीं है। लेकिन फिर भी 200 से अधिक की संख्या में नेपाली युवा रूस की सेना में भर्ती होकर युक्रेन के साथ युद्ध में लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बारे में सरकार ने रूसी प्रशासन और काठमांडू स्थित रूसी राजदूत के साथ समन्वय कर नेपाली नागरिकों की वापसी का प्रयास कर रही है। प्रचण्ड ने बताया कि विदेश मंत्रालय लगातार रूसी प्रशासन के संपर्क में है और नेपाली नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता से उनको अवगत करा दिया है।प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने यह भी खुलासा किया कि रूस के तरफ से युद्ध लड़ रहे कई नेपाली नागरिक इस समय युक्रेन में बन्दी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान युक्रेन के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले जिन रूसी सैनिकों को युक्रेन ने बन्दी बनाया है, उनमें नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सकुशल रिहाई के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। प्रचण्ड ने बताया कि इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ ही युक्रेन सरकार से भी बन्दी बनाए गए नेपाली नागरिकों की रिहाई का औपचारिक आग्रह किया गया है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, छह सुरक्षाकर्मी मारे गए, 28 घायल



**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को दरबान थाने पर आत्मघाती आतंकी हमले में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने को निशाना बनाया। विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस दौरान सुरक्षाबलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया है। इस हमले की जिम्मेदारीआतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है।

टीजेपी प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इसे फिदायीन हमला करार दिया है। अधिकारियों के अनुसार हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया। सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। बचाव दल ने घायल व्यक्तियों को डेरा अस्पताल पहुंचाया है। बचाव अधिकारी एजाज महमूद ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की है। कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने आतंकवादी हमले की निंदा की और लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमलों की निंदा करते हुए इसे अक्षम्य बताया है। पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया है।

## मुल्तान में कबाड़ की दुकान में धमाके में बच्चे की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुल्तान में एक कबाड़ की दुकान में भीषण विस्फोट में एक बच्चे की मौत हो गई और एक महिंला सहित चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक यह विस्फोट मुल्तान के तवाकल कस्बे में एक कबाड़ी की दुकान में हुआ। इस धमाके में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल लोगों को मुल्तान के निश्तार अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान अहमद अली के रूप में हुई है। उन्होंने आगे कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इससे पहले, खुजदार काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के एसएचओ की उनके वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना खुजदार के इब्राहिम रोड पर हुई जब एसएचओ सीटीडी खुजदार मुहम्मद मुराद के वाहन को निशाना बनाया गया। पुलिस ने कहा कि सीटीडी अधिकारी के वाहन में बम रखा गया था। पुलिस और सुरक्षा बल बम निरोधक दस्ते के साथ विस्फोट स्थल पर पहुंचे जो विस्फोट के पैमाने का आकलन कर रहे थे। सीटीडी पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मृतक एसएचओ के शव को जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में वारसाक रोड पर एक बम विस्फोट में तीन बच्चों सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि धमाका बाबू गढ़ी चौक के पास हुआ था। पुलिस ने कहा कि विस्फोट में सड़क के किनारे रखे गए चार किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। घायलों को इलाज के लिए लेडी रीडिंग अस्पताल ले जाया गया।

## गाजा का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों ने किया दौरा, जमीनी हालात बदतर



**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के एक दर्जन राजनयिक गाजा की जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए सोमवार को सीमावर्ती कस्बे रफाह के करीब पहुंचे। इन सदस्यों ने गाजा में मानवीय संकट की स्थिति को मौके पर जाकर देखने के बाद हालात को बदतर बताया।

संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधिमंडल गाजा के नजदीक मिस्त्र के आरिश कस्बे में विमान से उतरा, वहां से यह गाजा के रफाह कस्बे के लिए बढ़ा, जहां लाखों फलस्तीनियों ने शरण ले रखी है। रास्ते में मिले संयुक्त राष्ट्र फलस्तीनी शरणार्थी एजेंसी के अधिकारियों ने दल को गाजा के जमीनी हालात के बारे में जानकारी दी। दल के सदस्य और संयुक्त राष्ट्र में इक्वाडोर के प्रतिनिधि जो डिला गासा ने बताया कि गाजा के जमीनी हालात जितने खराब बताए जा रहे हैं, वास्तव में उससे ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा, लोगों को कई-कई दिनों तक खाना नहीं मिल रहा है। लोग हफ्तों से मामूली खाना-पानी में समय काट रहे हैं। इस दल के दौरे की व्यवस्था यूएई ने की थी। इसमें अमेरिका, फ्रांस और गेबोन के प्रतिनिधि शामिल नहीं थे।उधर गाजा की स्थिति पर विचार के लिए मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र आमसभा की बैठक होगी। यह बैठक मिस्त्र और मारितानिया के अनुरोध पर होगी। इस बीच सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य रूस ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए नागरिकों के संबंध में फलस्तीनी संगठनों से बात की है।

# टेक्सास में गर्भपात की मांग करने वाली महिला पर कानूनी शिकंजा कसा



**स्टन।** टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने गर्भावस्था संबंधी कठिनतम जटिलाओं का सामना करने वालीं डलास क्षेत्र की 31 वर्षीय केट कॉक्स पर सोमवार को शिकंजा कस दिया। कॉक्स को कुछ दिन पहले निचली अदालत ने गर्भपात कराने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस फैसले पर अस्थायी रोक लगा दी थी।

अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार केट कॉक्स ने गर्भपात की सुविधा के लिए टेक्सास राज्य पर मुकदमा दायर किया था। इसके बाद गर्भपात कराने के लिए राज्य छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि टैक्सास में गर्भपात पर प्रतिबंध है।

अखबार के अनुसार सेंटर फॉर रिप्रोडक्टिव राइट्स की अध्यक्ष और सीईओ नैन्सी नॉर्थअप ने कहा है कि कानूनी अड़चन का पिछला सप्ताह केट के लिए नारकीय रहा है। उसने गर्भपात के लिए कहां की यात्रा की। इसका विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महिला के वकील और डॉक्टर यह साबित नहीं कर सके केट कॉक्स टेक्सास के गर्भपात प्रतिबंध के तहत गर्भपात के लिए योग्य थी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार पिछले सप्ताह टेक्सास जिला अदालत में दायर याचिका के अनुसार, नवंबर के अंत में 20 सप्ताह की गर्भवती कॉक्स को अपनी गर्भावस्था की जटिलता की जानकारी मिली। उसे पता चला कि भ्रूण में ट्राइसॉमी 18 या एडवर्ड्स सिंड्रोम है। ऐसे भ्रूण अकसर जन्म से पहले या उसके ठीक बाद मर जाते हैं। उल्लेखनीय है कि केट के दो संतान पहले से हैं।

# नेपाल के उत्तरी हिस्से में भारी बर्फबारी, तापमान माइनस 16 से भी कम



**काठमांडू।** सर्दी बढ़ने के साथ ही देश के हिमालयी क्षेत्र मनांग, मुस्तांग, हुम्ला, मुगु, डोल्पा जैसे जिलों में बर्फबारी शुरू हो गई है। कुछ जिलों में भारी बर्फबारी के साथ ही तापमान गिरकर माइनस 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सुबह के समय इन जिलों का तापमान माइनस 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, तो रात में यह और अधिक घट कर माइनस 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच जाता है।

मनांग जिले के प्रमुख जिला अधिकारी सुभाष लामिछाने के मुताबिक मनांग के चामे इलाका और आसपास के क्षेत्रों में तापमान माइनस 16 से 18 डिग्री तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि तापमान में भारी गिरावट आने के कारण यहां के लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। प्रमुख जिलाधिकारी का कहना है कि ठंड के कारण नदी का पानी जम गया है और नल में भी पानी जम रहा है। सड़क पर करीब 4-5 फीट बर्फ की मोटी परत जमी हुई है। भारी बर्फबारी के कारण वाहनों का आवागमन बिलकुल भी बन्द हो गया है। सबसे अधिक परेशानी पीने के पानी को लेकर है।

जिले के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नमो नारायण मल्ल ने बताया कि ठंड के कारण सीमेंट से जुड़े निर्माण कार्य में दिक्कतें आयेंगी, इसलिए भारी बर्फबारी को देखते हुए मुस्तांग जिले में एक नोटिस जारी कर विकास निर्माण में सीमेंट का उपयोग न करने का अनुरोध किया गया है।

पहली बर्फबारी होते ही इन जिलों के शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है। भारी बर्फबारी की वजह से उत्तरी क्षेत्र के लोग नीचे के जिलों में चले आए हैं। शिक्षण संस्थान सहित सभी दुकान व्यापार, कारोबार और सरकारी दफ्तर समेत बंद होने के कारण अधिकांश स्थानीय लोग सर्दी से बचने के लिए जिले से बाहर चले गये हैं। मनांग जिले के निवासी गोरखा जिले में अस्थाई निवास करने चले गए हैं। ऐसे ही मुस्तांग और डोल्पा जिले के निवासियों म्याग्दी और कास्की के तरफ भेजा गया है।

मनांग के प्रमुख जिलाधिकारी लामिछाने ने बताया कि स्थानीय लोगों के ठंड से बचाने के लिए नीचे के सीमावर्ती जिलों में अस्थायी आवास की व्यवस्था की गई है। लोगों को सभी जरूरत की चीजों की आपूर्ति अस्थाई कैंप में की जा रही है। अगले तीन से चार महीनों के लिए आवश्यक सरकारी कामों के लिए अस्थायी रूप से सरकारी दफ्तर भी तैयार कर दिया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।